दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 251 जयपुर, मंगलवार, 20 अगस्त, 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### अब स्कूल और मॉल को बम से उड़ाने की धमकी



**जयपुर।** राजधानी में रविवार को फिर से एक स्कूल और मॉल में बम की सूचना पर हड़कंप मच गया। सुबह करीब 11 बजे डीपीएस में बम होने की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को मिली। इस पर टीमों के दो घंटे सर्च करने के बाद भी कुछ नहीं मिला। फिर, दोपहर 3 बजे आदर्श नगर स्थित पिंक स्क्वायर मॉल की आईडी पर मेल के जरिए बम होने की धमकी दी गई। सूचना पर करीब 3.30 बजे पुलिस दोबारा से हरकत में आई। पुलिस ने मॉल को खाली कराया और बम निरोधक दस्ते की मदद से मॉल में 3 घंटे सर्च किया, लेकिन कुछ भी नहीं मिला।

-पेज 3 भी देखें

### संविदाकर्मी भी मैटरनिटी लीव की हकदार

**जयपुर।** राजस्थान सिविल सर्विसेज अपील ट्रिब्यूनल (रेट) ने संविदा पर काम कर रही महिला डॉक्टर को मैटरनिटी लीव (मातृत्व अवकाश) देने और जॉइन कराने के लिए कहा है। न्यायिक सदस्य अनंत भंडारी और सदस्य शुचि शर्मा ने डॉ. अक्षिता की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए। रेट ने याचिकाकर्ता की 180 दिन की मैटरनिटी लीव को स्वीकृत कर फिर ऑफिस जॉइन करवाने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने याचिकाकर्ता की मैटरनिटी लीव को स्वीकृत नहीं किया था। वहीं, उसे फिर से ऑफिस जॉइन नहीं करवाया था।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।


**एसओजी की कार्रवाई:** जांच के बाद पेपर लीक माफिया की प्रेमिका के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज

# सरकारी नौकरी के लिए तीन राज्यों की यूनिवर्सिटी से बनाई फर्जी डिग्री

**राजस्थान, गुजरात व उत्तरप्रदेश से बनाई थी अलग-अलग भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने के लिए फर्जी डिग्रियां**

बेधड़क | जयपुर

पेपर लीक के मास्टरमाइंड भूपेन्द्र सारण की प्रेमिका ने प्रदेश में होने वाले भर्ती परीक्षाओं में हिस्सा लेने के लिए अन्य राज्यों से खुद के लिए फर्जी डिग्रियां बनवाई थी। एसओजी की जांच में सामने आया कि भूपेन्द्र सारण ने आरोपी प्रियंका के लिए उत्तरप्रदेश, गुजरात और राजस्थान की चूरू स्थित एक यूनिवर्सिटी से फर्जी डिग्रियां बनाई थी। एसओजी ने जांच के बाद भूपेंद्र सारण की प्रेमिका प्रियंका खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रियंका पर आरोप है कि उसने चार परीक्षाओं में फर्जी सर्टिफिकेट लगाए और पास की। एसओजी को इसकी जानकारी कर्मचारी चयन बोर्ड से मिली थी। एसओजी के एसआईटी के प्रभारी वीके सिंह ने बताया कि पिछले 5 साल में प्रियंका ने भूपेंद्र सारण से दोस्ती कर चार फर्जी डिग्री ली। ग्राम विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा 2021 के लिए गुजरात से बैचलर इन आटर्स की डिग्री ली थी।



### कंप्यूटर अनुदेशक, लाइब्रेरियन, पीटीआई के लिए भी फर्जीवाड़ा

आरोप है कि प्रियंका ने बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक भर्ती के लिए बैचलर ऑफ कॉमर्स और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन की बैक डेट में डिग्री ओपीजेएस यूनिवर्सिटी चूरू से बनवाई थी। लाइब्रेरियन ग्रेड थर्ड की भर्ती के लिए यूपी की शिकोहाबाद यूनिवर्सिटी से डिप्लोमा इन लाइब्रेरी की डिग्री ली थी। पीटीआई भर्ती 2022 परीक्षा के लिए ओपीजेएस यूनिवर्सिटी चूरू से बैचलर ऑफर फिजिकल एजुकेशन की डिग्री ली थी। इसके साथ ही नियम विरुद्ध एक साथ दो ग्रेजुएशन की डिग्री ली। इनका इस्तेमाल प्रतियोगी परीक्षा में बैठने और नौकरी हासिल करने में किया था।

### प्रियंका पहले हो चुकी गिरफ्तार

दिसंबर 2022 में भूपेंद्र सारण और प्रियंका को फर्जी डिग्रियों के साथ मानसरोवर इलाके से गिरफ्तार किया था। जहां नकल से संबंधित विभिन्न यूनिवर्सिटी की फर्जी डिग्री और मार्कशीट का कारोबार चल रहा था। आरोपी प्रियंका व भूपेन्द्र ने तब पूछताछ में फर्जी डिग्रियां जारी करने वाले संस्थाओं के नामों का खुलासा किया था, लेकिन पुलिस ने तब नजरअंदाज कर दिया था।

### विभाग ने चयनित सूची में नाम डाला, बोर्ड ने पकड़ी गड़बड़ी

प्रियंका विश्नोई का पीटीआई भर्ती में चयन हुआ था। प्रियंका ने बीपीएड की फर्जी डिग्री ओपीजेएस यूनिवर्सिटी से ली थी। इसे उसने शिक्षा विभाग में जांच के लिए दे दी। जांच होने के बाद शिक्षा विभाग ने प्रियंका का नाम चयनित अभ्यर्थियों की सूची में डाल दिया, लेकिन राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने फाइनल परिणाम तैयार करते समय प्रियंका की फर्जी डिग्री को पकड़ लिया। इसके बाद बोर्ड ने उसके परिणाम पर रोक लगा इसकी जानकारी एसओजी को दी।

**उदयपुर चाकूबाजी कांड में फिर उबला उदयपुर**

# घायल छात्र देवराज ने तोड़ा दम तनाव... विरोध... फिर समझौता

- प्रशासन ने इंटरनेट सेवा करवाई बंद
- 51 लाख मुआवजा और संविदा नौकरी पर सहमति

बेधड़क | उदयपुर

शहर के एक स्कूल में 16 अगस्त को हुई चाकूबाजी की घटना में घायल एमबी अस्पताल में भर्ती छात्र की रविवार दोपहर करीब 3 बजे तबीयत बिगड़ गई और इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद अस्पताल के बाहर भारी पुलिस जाब्ता तैनात कर दिया गया। वहीं, आक्रोशित लोगों की भीड़ ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस छात्र के शव मोर्चरी में रखवाया। दरअसल, परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया और दोषी को सजा देने समेत विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मृतक के परिजनों को 51 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने, परिवार के 1 सदस्य को संविदा पर नौकरी देने और एसटी-एससी एक्ट के तहत मामले में कार्रवाई करने पर सहमति बन गई है। लोगों ने परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी देने और स्कूल स्टाफ को हटाने की मांग की है। प्रशासन की ओर से कहा गया कि सरकारी नौकरी के लिए प्रशासन सरकार को प्रस्ताव भेजेगा। मांगों पर सहमति बनने के बाद पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू हो गई है।



### विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता हुए जमा

इससे पहले छात्र की मौत के बाद विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता अस्पताल में पहुंच गए और नारेबाजी करते हुए इमरजेंसी गेट के सामने इकट्ठा होना शुरू हो गए। लोगों का कहना है कि 4 दिन तक हमसे झूठ कहते रहे, गुमराह करते रहे। आज अगर डिक्लेयर करना था, तो रात को करते। आप तो दिल्ली ले जा रहे थे, जयपुर ले जा रहे थे। हमसे झूठ क्यों बोला, आज अचानक डेथ कैसे हुई?



### कम मुआवजे को लेकर नारेबाजी

भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष सनी पोखरना सहित समाज के लोग 51 लाख के मुआवजे पर सहमत नहीं हुए। उन्होंने अस्पताल परिसर में नारेबाजी शुरू कर दी। इस पर एसपी योगेश गोयल उनसे बात की। इसके बाद भीड़ हट गई।

### गृह राज्यमंत्री ने की शांति बनाए रखने की अपील

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा- घटना दुखद है। सरकार ने पूरी कोशिश की। आम जनता से अपील है कि आपसी सौहार्द बनाए रखें। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट, कलेक्टर अरविंद पोसवाल, आईजी अजयपाल लांबा, एसपी योगेश गोयल समेत बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

### घायल भाई को बांधी थी राखी

इससे पहले दोपहर करीब 2:15 बजे घायल छात्र को सगी बहन सुहानी और चचेरी बहनों ने राखी बांधी। कलेक्टर की स्वीकृति मिलने के बाद बहनें अस्पताल पहुंचीं और भाई को राखी बांधकर उसके दीर्घायु होने की प्रार्थना की।

### पीड़ित परिवार के साथ सरकार

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है भजनलाल सरकार। सरकार अपराधियों के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई करेगी।

### इटरनेट सेवा बंद, अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात

शहर में बाजार से लेकर विभिन्न चौराहों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। अफवाहों से शहर को बचाने के लिए नेटबंदी भी बढ़ा दी गई है। आज रात 10 बजे तक नेट बंद रहेगा। एमबी अस्पताल के चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है। वारदात के दिन यहां बड़ी संख्या में भीड़ जुट गई थी। ऐसे में अस्पताल परिसर में उदयपुर एसपी योगेश गोयल और अन्य अधिकारी खुद सुरक्षा व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वहीं, चेतक सर्किल के पास भारी संख्या में भीड़ जुट गई थी। इस दौरान नारेबाजी शुरू हुई तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ा।

## बहना ने भाई की कलाई पर...



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को रक्षाबंधन पर्व पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बांधा रक्षासूत्र।

**जम्मू-कश्मीर**

# उधमपुर में आतंकी हमला, CRPF का अधिकारी शहीद

एजेंसी | जम्मू

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में आतंकी हमले में सीआरपीएफ के एक अधिकारी की मौत हो गई है। घात लगाए आतंकियों ने डुडू इलाके में तब सीआरपीएफ जवानों पर हमला बोल दिया, जब वे नियमित गश्ती पर थे। आतंकियों की गोलीबारी के बाद सुरक्षा बलों ने भी उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया। अधिकारियों के मुताबिक इलाके में मुठभेड़ जारी है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उधमपुर जिले में सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की एसओजी के संयुक्त दल पर आतंकियों के हमले में सीआरपीएफ के एक निरीक्षक शहीद हो गए। अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया गया था। तभी उधमपुर के दादू इलाके में पहले से घात लगाए आतंकियों ने संयुक्त पार्टी पर हमला बोल दिया। इस हमले में सीआरपीएफ के अधिकारी गोली लगने से घायल हो गए जिनकी बाद में मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि बसंतगढ़ के डुडू इलाके में दोपहर करीब साढ़े तीन बजे आतंकियों ने सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) पर गोलीबारी की।



### पीर पंजाल रेंज में आतंकी हमले तेज!

ताजा आतंकी हमला जम्मू क्षेत्र में हुआ है, जो कई वर्षों से कश्मीर की तुलना में अपेक्षाकृत शांत था, लेकिन हाल के महीनों में जम्मू रेंज खासकर पीर पंजाल रेंज के दक्षिणी इलाकों में आतंकी हमले और आतंकी गतिविधियों में तेजी आई है। माना जाता है कि पीर पंजाल श्रेणी में घने जंगल और खड़ी पहाड़ियां हैं, जहां आतंकी पनाह लेते रहे हैं।


**अंतरिक्ष से गुड न्यूज**

# सुनीता विलियम्स के लिए ISS में रूस के यान ने पहुंचाया भोजन-ईंधन

- रूस का प्रोग्रेस स्पेसक्राफ्ट 3 टन से अधिक सामान लेकर ISS पर पहुंचा
- यान 'प्रोग्रेस 89' के आईएसएस पर पहुंचने का हुआ सीधा प्रसारण
- कार्गो शिप छह महीनों तक ISS पर रहेगा डॉक

एजेंसी | फ्लोरिडा

तीन टन से ज्यादा भोजन, ईंधन और अन्य जरूरी सामान के साथ रूस का मानवरहित अंतरिक्ष यान 'प्रोग्रेस 89' कार्गो शिप अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर डॉक हो गया है। यह खबर अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे स्टारलाइनर यात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर के लिए राहत की सांस लेकर आई है। नासा ने पुष्टि की है कि रूस का प्रोग्रेस 89 स्पेसक्राफ्ट, पृथ्वी से तीन टन से अधिक सामान, जिसमें भोजन भी शामिल है, लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच गया है। मानवरहित अंतरिक्ष यान के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के साथ डॉकिंग की घटना का नासा ने सीधा प्रसारण किया।



### 418 किमी की ऊपर दोनों यानों की डॉकिंग

17 अगस्त को दक्षिण प्रशांत महासागर के ऊपर 418 किमी की ऊंचाई पर दोनों अंतरिक्ष यानों की डॉकिंग हुई। यह मानवरहित अंतरिक्ष यान स्टेशन के रूसी निर्मित मॉड्यूल 'ज्वेज्दा' पर डॉक हुआ है। 14 अगस्त को, रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस ने कजाखस्तान के बैकोनूर कोस्मोड्रोम से सोयूज रॉकेट के जरिए प्रोग्रेस 89 को अंतरिक्ष में लॉन्च किया था। सोयूज रॉकेट ने अंतरिक्ष यात्रा के इतिहास में सबसे अधिक लॉन्च किए हैं। बैकोनूर कोस्मोड्रोम दुनिया का सबसे पुराना और सबसे बड़ा अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र है।

### 1,201 किलोग्राम खाद्य सामग्री

प्रोग्रेस 89 अंतरिक्ष यान में 1,201 किलोग्राम खाद्य सामग्री, 420 किलो पानी और 50 किलो नाइट्रोजन शामिल हैं। ये सभी चीजें सात सदस्यीय एक्सपेडिशन 71 क्रू के लिए जरूरी हैं। यह सामान बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर के लिए भी मददगार होगा। यह कार्गो शिप अगले छह महीनों तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर डॉक रहेगा। रूस का यह मानवरहित अंतरिक्ष यान अंतरिक्ष स्टेशन के कचरे को लेकर वापस पृथ्वी पर लौटेगा।

**अंतरिक्ष में संतरे का स्वाद...** नासा के स्पेसएक्स क्रू-8 मिशन पर सवार आईएसएस के अंतरिक्ष यात्री मैथ्यू डोमिनिक फिर अंतरिक्ष से कैद किए गए एक अविश्वसनीय वीडियो के लिए से सुर्खियों में हैं। नासा के इस अंतरिक्ष यात्री ने रविवार को अंतरिक्ष यान के माध्यम से अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचे संतरे के टुकड़े का स्वाद लेते हुए खुद की एक छोटी क्लिप साझा की। मैथ्यू डोमिनिक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, "हमें हाल ही में और सिग्नस कार्गो वाहनों के माध्यम से कुछ ताजे फल मिले हैं।" डिजिटल ट्रेंड्स की एक रिपोर्ट के अनुसार कार्गो अंतरिक्ष यान ने शनिवार को फंसे हुए चालक दल के लिए लगभग तीन टन भोजन, ईंधन और अन्य आपूर्ति लाई। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि अंतरिक्ष यान द्वारा कक्षीय चौकी को आपूर्ति किए जाने वाले अधिकांश भोजन को संसाधित और पैक किया जाता है, लेकिन इसमें अंतरिक्ष में फंसे अंतरिक्ष यात्रियों के लिए थोड़ी मात्रा में ताजे फल भी शामिल होते हैं।

**जरूरी खबर**

## एससी-एसटी समाज की बैठक में बंद का समर्थन



**चाकसू।** एससी एसटी में क्रीमीलेयर लागू करने और उप वर्गीकरण करने को लेकर दिए गए फैसले के विरोध में सोमवार को नारायण सदन में समस्त एससी एसटी समाज के संगठनों जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इसमें सर्वसम्मति से 21 अगस्त को भारत के बंद तहत चाकसू बंद की घोषणा की गई। इसके तहत चाकसू क्षेत्र के सभी व्यापारिक संगठनों और आमजन से अपील की गई। सोमवार को हुई बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष कमलेश बैरवा, ब्लॉक अध्यक्ष भरतलाल मीणा, पूर्व अध्यक्ष गंगाराम मीना, डालू राम मीणा, जयकिशन वरिष्ठ नेता नारोलिया, नारायण सांवरिया, जुगलकिशोर बौध्द सहित विभिन्न एसटी-एसी समाज के प्रबुद्ध जन जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन पर्व पर वीरांगनाओं का सम्मान

**जयपुर।** संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सोमवार को जोधपुर में वीरांगनाओं के घर पहुंचकर उनका सम्मान किया। पटेल ने वीरांगनाओं को सम्मानित करते हुए उन्हें रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने वीरांगनाओं को उनके अद्वितीय साहस और धैर्य के लिए नमन किया और यह विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि वीरांगनाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए राज्य सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## शिवालय में अपशिष्ट मिलने पर नाराज हुए MLA



**जयपुर।** रामगंज थाना इलाके में सोमवार को महरों के रास्ते में स्थित दो शिवालयों में अपशिष्ट मिलने से हवामहल विधायक बाल मुकुंद आचार्य ने अपना रोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि मेहरों के रास्ते में दो शिवालय ऐसे है जिनकी छत कचरे से भरी पड़ी है। मंदिर के बाहर अपशिष्ट पड़े हैं। नाराजगी जाहिर करने के बाद बालमुकुंद आचार्य ने इन दोनों मंदिरों की सफाई की। जिसके बाद उन्होने मंदिर प्रांगण में पूजा-अर्चना की। उन्होंने आरोप लगते हुए कहा कि पिछले पांच साल में जयपुर के प्राचीन मंदिरों की कुशासन के चलते काफी दुर्दशा हुई है। मंदिर में स्थित बगीची में रसोई लगा रखी है, जिनकी दीवारों पर हलाल मीट के बैनर लगे हैं।

### विधानसभा अध्यक्ष ने झील पर शुरू किया नया पंप... बोले शहर को मिलेगा तीन एमएलडी अतिरिक्त पेयजल

# ERCP से अजमेर के फॉयसागर को भी जोड़ा जाएगा: देवनानी

बेधड़क | जयपुर



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर शहर की पेयजल समस्या के संपूर्ण समाधान के लिए निरंतर संकल्पबद्ध होकर काम किया जा रहा है। सैकड़ों करोड़ रुपए के कामों की घोषणा बजट में की गई है।

राज्य सरकार की ईआरसीपी योजना से अजमेर के फॉयसागर को भी जोड़ा जाएगा। इससे पेयजल की उपलब्धता का स्थायी रूप से समाधान हो जाएगा। इसके साथ ही नई पाइपलाइन और अन्य उपाय भी किए जा रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को अजमेर में फॉयसागर झील पर उच्च क्षमता के नए पंपों का शुभारंभ किया। अजमेर शहर की पेयजल व्यवस्था को और गति देने के लिए 66 लाख की लागत से फॉयसागर के पास यह पंप लगाए गए हैं। इसके तहत 25 एचपी के दो पंप सेट फॉयसागर झील व 30 एचपी के दो पंप सेट आनासागर पंप हाऊस पर लगाए गए। इससे 15 जोन में पानी की सप्लाई में सुधार होगा ।

### नसीराबाद से अजमेर के नौसर तक डाली जाएगी नई पाइप लाइन

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवनानी ने कहा कि अजमेर शहर की जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए संकल्प लेकर काम किया जा रहा है। हाल ही राज्य बजट में जिले के लिए कई अहम घोषणाएं की गई हैं। इसके तहत नसीराबाद से अजमेर के नौसर तक नई पाइप लाइन डाली जाएगी। अब तक अंतिम छोर के कारण परेशानी झेलने वाला अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्रा अब सीधा बीसलपुर से जुड़ेगा और अंतिम छोर के कारण होने वाली प्रेशर व कम जलापूर्ति की समस्या समाप्त हो जाएगी। इसके साथ ही अजमेर उत्तर में कोटड़ा, वैशाली एवं लोहागल में तीन बड़े स्टोरेज टैंक भी बनेंगे। पानी के स्टोरेज की समस्या भी समाप्त हो जाएगी।

### काजीपुरा में खोला जाएगा स्पोर्ट्स कॉलेज

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राज्य के 13 जिलों में पेयजल समस्या के समाधान के लिए ईआरसीपी योजना लागू की गई है। इसमें चंबल व कालीसिंध सहित अन्य नदियों का अतिरिक्त पानी लाया जाएगा। अजमेर को भी योजना से जोड़ा गया है। इस योजना में फॉयसागर को भी जुड़वा दिया है ताकि पेयजल को यहां भी स्टोर किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस योजना के बाद शहर को जलापूर्ति में किसी तरह की परेशानी नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रो के संपूर्ण विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। काजीपुरा में स्पोर्ट्स कॉलेज खोला जाएगा। अजयसर में लेपर्ड सफारी को मंजूरी दिलाई गई है। चामुंडा माता मंदिर तक रोप वे के प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। इसी तरह माकड़वाली में आईटी पार्क व यूनिवर्सिटी पर आयुर्वेद विश्वविद्यालय स्थापित होगा। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य महेंद्र रावत एवं सरपंच लाल सिंह सहित अन्य जनप्रिनिधि एवं आमजन उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री आवास में CM शर्मा ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

# बहिनों ने बांधा सीएम शर्मा की कलाई पर रक्षा सूत्र



बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत बनाता है। यह हमें एक-दूसरे के प्रति अपने प्रेम, समर्पण और सुरक्षा के संकल्प की याद दिलाता है। सीएम शर्मा सोमवार को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में विभिन्न क्षेत्रों से आई बहिनों और छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाएं हमारे परिवार और समाज की नींव हैं।

बहन जब भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधती है, तब हर कठिनाई से लड़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि वह सदैव बहनों की सुरक्षा और सम्मान के लिए तत्पर हैं एवं उनकी हर समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध भी है। मुख्यमंत्री आवास पर आई बहिनों ने भावपूर्ण रूप से मुख्यमंत्री शर्मा की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा।

### दिया कुमारी ने पूनियां को बांधी राखी

रक्षाबंधन पर प्रदेश की डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश पूनियां को राखी बांधी। दिया कुमारी और सतीश पूनियां दोनों ने ही राखी के त्योहार की लोगों को शुभकामनाएं दी है। डिप्टी सीएम दिया कुमारी द्वारा राखी बांधने की फोटो और सतीश पूनियां दोनों ने ही अपने-अपने एक्स पर पोस्ट किया है। दिया कुमारी ने फोटो पोस्ट करते हुए कहा कि आज रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रभारी व राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनियां के आवास पर पहुंच कर उनको रक्षा सूत्र बांधा,वहीं सतीश पूनियां ने भी अपने एक्स पर फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, स्नेहिल बहन दिया, आपकी राखी मुझे ऊर्जा देती है, मेरी शुभेच्छा सदैव आपके साथ हैं।







### विधानसभा अध्यक्ष ने जवानों के साथ मनाया रक्षा पर्व

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र की मातृशक्ति के साथ रक्षा बंधन मनाया। देवनानी को सैकड़ों महिलाओं ने राखी बांधी। देवनानी ने भी बहनों को मिठाई और उपहार के साथ रक्षा व सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का वादा किया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को अजमेर के सिटी प्राइड समारोह स्थल पर अजमेर उत्तर क्षेत्र की मातृशक्ति के साथ राखी का पर्व मनाया। सैकड़ों महिलाएं इस कार्यक्रम में पहुंचीं और उन्होंने देवनानी को राखी बांधी। देवनानी ने भी अपने राखी भाई होने का दायित्व निभाया और प्रत्येक महिला को उपहार स्वरूप साड़ी और मिठाई दी। इसके साथ ही देवनानी ने अजमेर में सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र एक में तैनात महिला व पुरुष सिपाहियों के साथ रक्षा बंधन का पर्व मनाया। उन्होंने कहा कि अपने घर परिवार से दूर रह रहे ये जवान ही हमारे असली रक्षक हैं। इन्हीं के कारण हम बेफिक्र होकर रहते हैं। उन्होंने कहा कि मातृभूमि की रक्षा में सीआरपीएफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर सीआरपीएफ के अधिकारियों ने ट्यूबवेल लगाने की मांग की। इस पर देवनानी ने जलदाय विभाग के अफसरों को बुलाकर ट्यूबवेल सीआरपीएफ परिसर में लगाने की घोषणा की।

# पीएम मोदी 25 को आएंगे जोधपुर

बेधड़क | जयपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अगस्त को जोधपुर आएंगे। पीएम मोदी राजस्थान हाईकोर्ट के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सोमवार को जोधपुर पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में जनसुनवाई करते हुए लोगों को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि राजस्थान हाईकोर्ट अमृत काल में प्रवेश कर रहा है। इस उपलक्ष में पूरे वर्ष हुए आयोजन का समापन भी होगा।

पीएम मोदी के स्वागत के लिए पूरा मारवाड़ तैयार है। इस दौरान शेखावत ने रविवार को मासूम के साथ हुई दरिंदगी के मामले में कहा कि ये घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। फिलहाल बच्ची का उपचार चल रहा है। पुलिस के अधिकारियों से बात हुई है। जल्द से जल्द चालान पेश कर आरोपी को सख्त सजा दिलवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो भारत न्याय संहिता लागू की है, उसके अनुरूप ऐसे मामलों में त्वरित कठोर दंड देने के प्रावधान किए गए हैं। इसके अनुरूप ही कार्रवाई की जा रही है। केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत ने उदयपुर की घटना को भी दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए समाज से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

### 51 हजार बूथ पर बनाएंगे 200-200 सदस्य

# BJP की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आज



**जयपुर।** बीजेपी की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला 20 अगस्त को होगी। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा की सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला वैशाली नगर स्थित खंडेलवाल गर्ल्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी संस्थान के सभागार में आयोजित की जाएगी।सदस्यता अभियान को लेकर पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी को प्रदेश संयोजक बनाया है। सदस्यता अभियान में इस साल 1 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए भाजपा के हर बूथ से लेकर मंडल और शक्ति केंद्रों के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

प्रदेश में 51 हजार बूथ पर 200-200 सदस्य बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर संपर्क करेंगे और सदस्य बनाए जाएंगे।

### आरक्षण में बंटवारे के विवाद पर बोले मंत्री...

# कानूनी पहलुओं पर राज्य सरकार कर रही विचार: अविनाश गहलोत

बेधड़क | जयपुर

आरक्षण में बंटवारे पर उठ रहे विवाद के बीच भजनलाल सरकार के मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि सरकार इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तमाम कानूनी पहलुओं पर विचार कर रही है।

इसकी समीक्षा की जा रही है और प्रदेश सरकार इस मुद्दे पर केंद्र सरकार के साथ है। उन्होंने 21 अगस्त को प्रस्तावित भारत बंद के आह्वान को लेकर कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बनी रहे, इसे लेकर एससी-एसटी के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत हुई है। हमारा उद्देश्य सर्वजन हिताय में फैसला लागू करना है।

मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि हाल ही में 1 अगस्त, 2024 को आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आया है। पंजाब सरकार की तरफ से 2006 में सरकारी नौकरी में एससी-एसटी आरक्षण के सब क्लासिफिकेशन को लेकर अध्यादेश लाया गया था, जिसे 2010 में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था।

पंजाब सरकार इसकी अपील



में सुप्रीम कोर्ट गई और 1 अगस्त, 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया कि सरकारी नौकरियों में एससी-एसटी के आरक्षण में सब क्लासिफिकेशन हो।

### केंद्र और प्रदेश सरकार की मंशा एक

अविनाश गहलोत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के बाद राजस्थान सरकार और भारत सरकार दोनों की मंशा एक है। हम मिलकर इस निर्णय की समीक्षा और कानूनी पहलू पर विचार भी कर रहे हैं और जो निर्णय 6-1 से सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया है। उस पर विचार किया जा रहा है। केंद्र सरकार का जो भी निर्णय होगा, हम केंद्र सरकार के साथ हैं, जो भी निर्णय कानून सम्मत होगा, संविधान के अनुसार होगा वह किया जाएगा।

### एससी-एसटी संगठनों से की अपील

21 अगस्त को प्रस्तावित भारत बंद को लेकर वे बोले, हम चाहते हैं कि हर जाति समाज को साथ लेकर चले। किसी में कोई टकराव नहीं हो। कानूनी सलाह लेने के बाद भारत सरकार का जो भी स्टैंड होगा, राज्य सरकार उस पर निर्णय देगी। अभी हमारी मुख्यमंत्री के साथ एससी-एसटी के प्रतिनिधिमंडल की बात हुई है, हमारा प्रयास है कि कानून व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने सभी संगठनों से शांति बनाए रखने की भी अपील की।

## कानून एवं शांति व्यवस्था को लेकर सीएस ने ली अफसरों की मीटिंग

**जयपुर।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एससी/एसटी आरक्षण के संबंध में गत दिनों दिए गए निर्णय को लेकर कुछ संगठनों द्वारा आगामी 21 अगस्त को आहूत भारत बंद के दौरान राज्य में कानून व्यवस्था, शांति व यातायात की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए की गई व्यवस्था को लेकर मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सोमवार को सचिवालय में



आयोजित बैठक में समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस महानिदेशक यूआर साहू, एसीएस (होम) आनंद कुमार, पुलिस महानिदेशक (इंटेलीजेंस) संजय अग्रवाल, एडीजी विशाल बंसल, गृह सचिव रश्मि गुप्ता उपस्थित रहे। मुख्य सचिव और डीजीपी ने वीसी के माध्यम से रेंज आईजी, संभागीय आयुक्त, एसपी, कलेक्टर्स से फीडबैक लिया। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने और भड़काने वाली पोस्ट डालने को चिह्नित कर कार्रवाई करें

## जरूरी खबर

### ट्रक की टक्कर से हुई कांवड़िए की मौत



**जयपुर।** राजधानी में अंबाबाड़ी के पास एक ट्रक ने कांवड़िए को टक्कर मार दी। दुर्घटना में कांवड़िए की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के बाद से ही परिजनों और स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। परिजन शव को लेकर धरने पर बैठ गए। परिजनों का आरोप है कि ट्रक चालक नशे में ट्रक चला रहा था। दुर्घटना थाना वेस्ट के सहायक उप निरीक्षक रघुनंदन के मुताबिक सोमवार सुबह करीब 4 बजे एक अनियंत्रित ट्रक ने कांवड़िए को टक्कर मार दी। कांवड़िए को सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बैनाड़ रोड निवासी अशोक जांगिड़ के रूप में हुई है। पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

### बदसलूकी पर नर्सिंग ऑफिसर निलंबित

**जयपुर।** चूरू के राजकीय डीबी अस्पताल में प्रशिक्षु नर्स के साथ बदसलूकी के प्रकरण में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने नर्सिंग ऑफिसर सुभाष चंद्र सिहाग को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल प्रभाव से नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि चिकित्सा मंत्री के निर्देश पर विभाग ने तुरंत प्रभाव से नर्सिंग ऑफिसर सुभाष चंद्र सिहाग को निलंबित कर दिया है। निलंबन काल के दौरान उनका मुख्यालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय जयपुर रहेगा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

रक्षा बंधन का त्योहार मनाया, सुबह भद्रा होने से दोपहर बाद बांधी राखी

# बहना ने कलाई पर 'प्यार' बांधा, भाई ने दिया रक्षा का वचन

**बेधड़क** | जयपुर

बहन और भाई के स्नेह का त्योहार रक्षाबंधन सोमवार को मनाया गया। बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधकर मुंह मीठा करवाया। भाई ने नेग और उपहार देकर बहन की रक्षा का वचन दिया। सोमवार दोपहर डेढ़ बजे तक भद्रा होने के कारण राखी बांधने का सिलसिला दोपहर बाद शुरू हुआ जो देर रात तक चला। बहने राखी, श्रीफल, मिठाई लेकर भाइयों के घर पहुंची। दोपहर को हल्की बारिश से खुशनुमा हुए मौसम में बहनों ने भाई-भाभी, भतीजे-भतीजी की कलाई पर राखी बांधी।



### बच्चों को कार्टून वाली तो बड़ों को भाई राम राखी

ज्यादातर बहनों ने रक्षाबंधन पर अपने भाई की कलाई पर राम रक्षा सूत्र बांधी। बच्चों को कार्टून कैरेक्टर राखी पसंद आई। युवतियों की कलाई पर मेटल, पैंडल, डायमंड वाली राखियां नजर आई। वहीं, राखियों की शौकीन महिलाओं की कलाई कोलकाता की हैंडमेड जरदोसी की पैडल राखी से सजी थी। बड़े-बुजुर्गों की कलाई पर हमेशा की तरह राम राखी बंधी दिखी। खाटू श्याम लिखी राखी भी कई लोगों ने बांधी।

### ठाकुर जी को बांधा रक्षा सूत्र

गोविंद देव जी मंदिर में श्रृंगार झांकी के दौरान ठाकुर जी और राधा रानी को राखी बांधी गई। मंदिर में भक्तों ने भी जगमोहन की रेलिंग पर रक्षा सूत्र बांधे। सुबह मंगला झांकी के साथ ये दौर शुरू हुआ, जो शाम तक जारी रहा। इस दौरान मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में ठाकुर जी को सुनहरी पारचे की पोशाक धारण करवा कर छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। इस दौरान ठाकुर जी के साथ-साथ राधा रानी, सखियों और गौरांग महाप्रभु को भी राखी धारण कराई गई। ठाकुर जी को विशेष रूप से तैयार की गई सुनहरी कलाबूत की राखी भी धारण कराई गई। श्रद्धालुओं ने बताया कि वे अपने आराध्य को राखी बांधने आए हैं, क्योंकि जब भी वो मुसीबत में होते हैं तब भगवान ही उनकी रक्षा करते हैं।



### मोती डूंगरी गणेशजी को बांधी चांदी की राखी

रक्षाबंधन पर मोती डूंगरी मंदिर में भगवान गणेश जी महाराज को चांदी की राखी धारण कराई गई। गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा के सानिध्य में भगवान को नई पोशाक और चांदी की राखी धारण कराते हुए विशेष पूजा की गई। इस दौरान रिद्धि-सिद्धि को भी राखी धारण कराई गई।

राजधानी में लगातार दूसरे दिन आया धमकी भरा ई-मेल

# अब एक बड़े मॉल और स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

- बम निरोधक दस्ते की मदद से सर्च, कोई विस्फोटक नहीं मिला
- एक दिन पहले मिली थी अस्पतालों में बम रखा होने की धमकी

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में लगातार दूसरे दिन बम का धमकी भरा मेल मिलने दिनभर हड़कंप मचा रहा। सोमवार को आदर्श नगर स्थित पिंक स्क्वायर मॉल और दिल्ली पब्लिक स्कूल में बम होने की मेल मिली। हालांकि, बाद में जांच में ई मेल पर दी गई सूचना झूठी निकली। दोनों ही जगह बम नहीं मिला, लेकिन इस दौरान जहां लोगों में भय का माहौल बना रहा वहीं पुलिस प्रशासन भी परेशान रहा। बता दें कि रविवार को 100 अस्पतालों को बम से उड़ाने का धमकी भरा मेल आया था। बाद में जांच में धमकी झूठी निकली।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 11 बजे दिल्ली पब्लिक स्कूल में बम होने की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को मिली। इस पर टीमें मौके पर भेजी गई। दो घंटे सर्च करने के बाद भी कुछ नहीं मिला। इसके बाद दोपहर 3 बजे आदर्श नगर स्थित पिंक स्क्वायर मॉल की आईडी पर मेल के जरिए बम होने की धमकी दी गई। सूचना पर करीब 3:30 बजे पुलिस दोबारा से हरकत में आई। पुलिस ने मॉल को खाली कराया और बम निरोधक दस्ते की मदद से मॉल में 3 घंटे सर्च किया, लेकिन कुछ भी नहीं मिला।




### अंग्रेजी में किया गया था मेल

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि धमकी का मेल अंग्रेजी में किया गया है। इसमें लिखा है कि तुम कष्ट के अलावा कुछ भी पाने के लायक नहीं हो। मुझे मानवता से नफरत है। तुम में से कोई भी जीने लायक नहीं है। मैं तुम सब को मार दूंगा। मेल मिलने पर मॉल के सिक्योरिटी इंचार्ज ने पुलिस कंट्रोल रूम को जानकारी दी। पुलिस टीमें मौके पर पहुंची और मॉल में मौजूद लोगों को बाहर निकाला।

### 3 महीने पहले भी उड़ाने की दी थी धमकी

तीन महीने पहले जयपुर सहित तमाम शहरों के स्कूलों को मेल कर बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। पुलिस ने तमाम स्कूलों की जांच की थी। कहीं से भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी। इस घटना से ठीक एक दिन पहले जयपुर सहित देश के 12 एयरपोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। पिछले कुछ महीने में मेल कर धमकी देने की लगातार घटनाएं सामने आ रही हैं।

### कई राज्यों में मिल चुकी हैं ऐसी धमकियां, सब झूठी निकलीं

जयपुर से पहले भी कई राज्यों के स्कूलों को बड़ी संख्या में धमकी भरे ई-मेल भेजे जा चुके हैं। 1 मई को दिल्ली के 222 स्कूलों में बम की फर्जी सूचना ई-मेल से मिली थी। बाद में इसी ई-मेल आईडी से अहमदाबाद के 6 स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इसी साल फरवरी में चेन्नई के 13 स्कूलों और अप्रैल में कोलकाता के स्कूलों को भी इसी तरह धमकी भरे ई-मेल भेजे गए थे। पिछले साल 2023 में बेंगलुरु के करीब 50 स्कूलों में बम होने की फर्जी सूचना दी गई थी। हालांकि, हर तरह की सूचना झूठी निकली थीं।

### साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट बोले- सीबीआई और इंटरपोल की लें मदद


साइबर क्राइम पुलिस थाना के पूर्व इंचार्ज राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि किसी थाना स्तर की पुलिस ऐसे आरोपियों तक नहीं पहुंच सकती है। पुलिस के पास जांच के लिए पर्याप्त सॉफ्टवेयर और संसाधन मौजूद हैं, लेकिन इनका उपयोग नहीं किया जा रहा है। जांच अधिकारी इन टूल्स का प्रशिक्षण लेने के बावजूद उपयोग नहीं करते हैं। वीपीएन का उपयोग करने पर पुलिस को सीबीआई और इंटरपोल की मदद लेनी चाहिए। ऐसा नहीं है कि इनका पता नहीं लगाया जा सकता है। यह एक लंबी प्रक्रिया होती है, लेकिन जांच केवल थाना स्तर पर छोड़ दी जाती है। जबकि एजेंसी की मदद लेने के लिए पुलिस को हायर लेवल पर काम करने की जरूरत है। साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट का कहना है कि इस तरह के ई-मेल भेजने के दौरान शातिर अपराधी अमूमन डार्क नेट या प्रॉक्सी सर्वर का इस्तेमाल करते रहे हैं। इसकी वजह से पुलिस जांच को किसी नतीजे तक पहुंचने में काफी समय लगता है। वीपीएन से लोकेशन छिपाने के कारण ऐसे आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बच जाते हैं। वीपीएन के जरिए कोई भी अपनी लोकेशन चेंज कर सकता है। ऐसे में ई-मेल रिसीवर को लगता है कि ई-मेल भेजने वाला किसी दूसरे देश में है।

### हर बार झूठी साबित होती है धमकी

पुलिस मान रही है कि कोई पुलिस को परेशान करने के लिए इस तरह से मेल और मैसेज कर रहा है। इससे पहले भी कई बार मेल करके बम से उड़ाने की धमकी दी जा चुकी है। हर बार पूरा मामला झूठा साबित होता है।

दिनदहाड़े बजाज नगर में 8 लाख रुपए लूटे

## बाइक को कार से टक्कर मारी, गिरते ही रुपयों से भरा बैग छीनकर ले गए



**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में सोमवार को दिनदहाड़े बजाज नगर इलाके में बाइक पर जा रहे सरस डेयरी के कलेक्शन एजेंट को कार सवार बदमाशों ने टक्कर मारकर गिरा दिया और रुपए से भरा बैग लूटकर भाग गए। बैग में करीब 8 लाख रुपए थे।

मालवीय नगर एसीपी आदित्य पूनिया ने बताया कि डेयरी बूथ से कलेक्शन करने वाला फुरकान अली बूथ से रकम एकत्रित करके मालवीय नगर स्थित ऑफिस में जमा करवाने जा रहा था। बजाज नगर में कार में आए बदमाशों ने उसकी बाइक को टक्कर मारकर उसे गिरा दिया और रुपए से भरा बैग लूटकर ले गए। कार की टक्कर से फुरकान को चोटें आई हैं, उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने कहा कि गाड़ी और हुलिए के आधार पर बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। एसीपी आदित्य पूनिया ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पीड़ित ने जहां-जहां से कैश कलेक्ट किया था, वहां के फुटेज भी देख रहे हैं।

जयपुर शहर में ए श्रेणी की कड़ी नाकाबंदी कार्रवाई गई है। पुलिस को शक है कि डेयरी कलेक्शन एजेंट पर लगातार नजर रखी जा रही थी और मौका पाकर बदमाशों ने उसे टक्कर मारकर वारदात को अंजाम दिया। माना जा रहा है कि रक्षाबंधन के कारण सड़क पर वाहनों की आवाजाही कम होने से वारदात के बाद बदमाश तेजी से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी में जुटी है।

## बालक से दुराचार करने वाले को 5 साल की सजा

**बेधड़क** | जयपुर

जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने 11 साल के अनाथ बालक से दुराचार करने वाले 56 वर्षीय अभियुक्त चिरंजीलाल को पांच साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि पीड़ित के हितों और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए उसे पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत दो लाख रुपए बतौर मुआवजा दिया जाए। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि 21 सितंबर, 2020 को मानव तस्करी निरोधी इकाई ने जयपुर ग्रामीण एसपी को रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। ट्रायल के दौरान पीड़ित ने अभियुक्त पर आरोप दोहराए। वहीं, अभियुक्त की ओर से कहा गया कि उसे प्रकरण में झूठा फंसाया गया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

सावन के आखरी सोमवार को कावड़ियों की धूम

# बोल बम ताड़क बम के जयकारों से गुंजायमान हुई छोटी काशी

**बेधड़क** | जयपुर

सावन के अंतिम सोमवार को दिनभर छोटीकाशी ओम नम शिवाय, बोल बम ताड़क बम के जयकारों से गूंजायमान होती रही। सुबह से देर शाम तक भक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। वन सोमवार करने वाली महिलाओं ने शाम को बाग-बगीचों में जाकर व्रत खोला। शिवालयों में शाम को आकर्षक झांकियां सजाई गई। सभी छोटे-बड़े शिवालयों में वेद मंत्रोच्चार और जयकारों के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। पंचामृत, दूध, दही, घी, शहद, शक्कर अर्पित कर शिव स्तुति की। गलताजी से कांवड़ लेकर आए कांवड़ियों ने बोल बम ताड़क बम के जयघोष के साथ जलाभिषेक किया। कुंवारी कन्याओं ने मनचाहा वर पाने के लिए सोमवार का व्रत रखा।



### ताड़केश्वर मंदिर में भोलेनाथ का रूद्राभिषेक

चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का तड़के शुरू हुआ रूद्राभिषेक, पूजन, श्रृंगार, आरती का क्रम रात तक चलता रहा। इस दौरान भगवान भोलेनाथ का जल, गंगाजल, ईक्षु रस, विजया आदि द्रव्यों से अभिषेक कर आक, धतूरा, पुष्प, भस्म आदि से श्रृंगार किया गया। शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भजन, कीर्तन और मंत्र जाप चलता रहा। मंदिरों के साथ-साथ घर-घर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की गई। शाम को विशेष झांकी सजाई गई। क्विंस रोड वैशाली नगर स्थित झारखंड महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने जल और दूध से भगवान आशुतोष का अभिषेक कर बिल्व पत्र अर्पित किए। शाम को शिवजी की आकर्षक झांकी सजाई गई।

### चमत्कारेश्वर महादेव के भी कावड़ियों की भीड़

झोटवाड़ा रोड के चमत्कारेश्वर, बनीपार्क के जंगलेश्वर, रामगंज के ओंडा महादेव, आमेर के भूतेश्वर, कूकस के सदाशिव ज्योर्तिलिंगेश्वर सहित अनेक शिव मंदिरों में भी श्रावण के आखरी सोमवार को भोले के भक्तों ने गलता तीर्थ के पवित्र जल से बाबा का जल अभिषेक कर विधि द्दविधान से पूजा अर्चना की। सिटी पैलेस स्थित राजराजेश्वर मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का जल अभिषेक कर विधि द्दविधान से पूजा अर्चना की और बाबा के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की।

### गलताजी में उमड़ें श्रद्धालु

दिल्ली रोड स्थित उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ गलताजी में भी सोमवार के अंतिम सोमवार को हजारों की संख्या में भोलेनाथ के भक्त उमड़े। गलता परिसर के विभिन्न प्राचीन शिवालयों में भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। यहां दिन भर यज्ञ, अनुष्ठान, सहस्त्रघट अभिषेक सहित अन्य धार्मिक आयोजन हुए। गोविंद देवजी ठिकाने के आमेर रोड कनक घाटी स्थित काले महादेव मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी और मानस गोस्वामी के सान्निध्य में भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने आकर्षक झांकी के दर्शन किए।

### काला महादेव मंदिर में की आराधना

सावन के अंतिम सोमवार को गोविंद देवजी मंदिर के काला महादेव मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों ने सावन के आखरी सोमवार को भोलेनाथ की आराधना की। ब्रह्म मुहूर्त में काला महोदव मंदिर में भक्तों का तांता लग गया। जिसके चलते मंदिर प्रशासन ने भक्तों को कतार में लगाकर भोले नाथ की पूजा संपन्न करवाई।

## जरूरी खबर

### पुलिस ने तीन हेरोइन तस्करों को धरदबोचा



**अनूपगढ़।** जिले में पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हेरोइन तस्करी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये तस्कर पाकिस्तान के तस्करों को सीमा के पास की लोकेशन भेजते थे और ड्रोन के जरिए हेरोइन ड्रॉप करवाकर तस्करी को अंजाम देते थे। अनूपगढ़ एसपी रमेश मौर्य ने बताया कि पिछले महीने सीमा के नजदीक एक तस्कर जसविंदर सिंह को पकड़ा था और उसके पास से हेरोइन तस्करी के दो लाख रुपए बरामद किए थे।

### गुस्साए लोगों ने पुलिस टीम पर किया हमला



**चाकसू।** कस्बे में चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम के साथ 2 दर्जन से अधिक लोगों ने मारपीट कर दी। गुस्साए लोगों ने पुलिस गाड़ी में भी तोड़फोड़ कर दी। मारपीट में पुलिसकर्मियों को हल्की चोट आई है। हेड कांस्टेबल ने 4 नामजद समेत एक दर्जन के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि हेड कांस्टेबल जयसिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी चोरी की सूचना पर रेलवे स्टेशन रोड टावर के पास पहुंचे थे। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने पुलिसकर्मियों पर हमला बोल दिया।

### नानी और दो नातियों के बाद अब बेटी ने तोड़ा दम



**जोधपुर।** डेढ़ महीने पहले बनाड़ थाना क्षेत्र के नांदड़ा खुर्द गांव में हुए ट्रिपल मर्डर केस में घायल संतोष ने सोमवार को एम्स में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। बनाड़ थानाधिकारी प्रेमदान ने बताया 4 जुलाई को आरोपी दिनेश जाट ने संतोष की दो पुत्रियां और उसकी मां की हत्या कर दी थी। लूट के इरादे से आए दिनेश ने संतोष के सिर पर भी कुल्हाड़ी से वार किया था। खुर्द निवासी मांगीलाल कुडिया की बेटी संतोष अपने मायके आई हुई थी। 4 जुलाई को दोपहर संतोष, उसकी मां भंवरी देवी और संतोष की दो बेटियां भावना और लक्षिता घर पर थीं। इस दौरान आरोपी ने घर में घुसकर कुल्हाड़ी से सबसे पहले भंवरी, फिर उनकी नातियों पर हमला कर दिया था।

पर्यटक आज कर सकेंगे दीदार... भरपूर भोजन से बढ़ेगी पक्षियों की संख्या

# पांचना बांध के पानी के साथ ही घना में पहुंचे पेंटेड स्टॉर्क

**बेधड़क** | भरतपुर

करौली जिले के पांचना बांध से पानी आने के साथ ही केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में बड़ी संख्या में पेंटेड स्टॉर्क ने अपनी दस्तक दे दी है। घना में इनकी संख्या 500 से अधिक है। घना डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि इस बार उद्यान में 500 की संख्या में पेंटेड स्टॉर्क पहुंच चुके हैं। पेंटेड स्टॉर्क ने घना के बी और डी ब्लॉक में नेस्टिंग करना शुरू कर दिया है। उद्यान में पांचना बांध के पानी के साथ इस बार बड़ी संख्या में मछलियां और अन्य भोजन की वजह से यह संख्या 2 हजार तक पहुंचने की संभावना है। मानस सिंह ने बताया कि घना में पेंटेड स्टॉर्क अगस्त के शुरुआत में आना शुरू कर देता है और अगस्त के अंतिम सप्ताह तक अच्छी संख्या में नेस्टिंग कर लेते हैं। बच्चों के बड़े होने पर ये मार्च के प्रथम सप्ताह तक बच्चों के साथ भारत के दक्षिणी राज्यों की तरफ पलायन कर जाते हैं। राज्य सरकार के निर्देश पर घना समेत प्रदेश के सभी राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व को पर्यटकों के लिए एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया गया था। ऐसे में मंगलवार से पर्यटक फिर से उद्यान घूम सकेंगे और पेंटेड स्टॉर्क समेत अन्य पक्षियों का दीदार कर सकेंगे। बीते एक सप्ताह के दौरान पर्यटकों ने घना के पास स्थित मलाह क्षेत्र के जंगल में पक्षियों की साइटिंग की थी। इस जंगल में करीब एक दर्जन से अधिक प्रजाति के सैकड़ों पक्षियों ने नेस्टिंग कर रखी है।



#### ऐसा होता है पेंटेड स्टॉर्क

भारत और दक्षिण पूर्वी एशिया में पाया जाने वाला पेंटेड स्टॉर्क बहुत ही रंग बिरंगा सुंदर पक्षी होता है। इसकी चोंच पीली और आगे से नीचे की तरफ मुड़ी होती है। गर्दन और पीठ सफेद, पंख हल्के गुलाबी रंग लिए, जिन पर काली सफेद पट्टी भी नजर आती है। पैर गहरे गुलाबी या लाल रंग के होते हैं। इसका आकार करीब 40 इंच और फैले हुए पंखों के साथ करीब 63 इंच तक होता है। इनका वजन करीब 2 से 3.50 किलो तक होता है।

कुछ खास ही अंदाज में मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

# छात्राओं ने सीमा पर तैनात जवानों को बांधी राखियां

**बेधड़क** | अनूपगढ़

जिले की नई मंडी घड़साना के आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय की छात्राओं ने इस बार रक्षाबंधन का पर्व कुछ खास अंदाज में मनाया गया। छात्राओं ने भारत-पाक सीमा पर स्थित टिब्बा पोस्ट पर तैनात बीएसएफ के जवानों के साथ यह पवित्र पर्व हर्षोल्लास से मनाया और उन्हें राखियां बांधी। छात्राओं ने सीमा पर तैनात जवानों की कलाइयों पर रक्षासूत्र बांधकर उन्हें अपने भाई का दर्जा दिया और उनकी दीर्घायु व सुरक्षा की कामना की। इस अवसर पर बीएसएफ के जवानों के चेहरों पर मुस्कान और गर्व की भावना साफ झलक रही थी। छात्राओं ने जवानों के प्रति अपने स्नेह और सम्मान को प्रदर्शित करते हुए कहा कि वे अपनी सुरक्षा में लगे इन वीर जवानों को अपना भाई मानती हैं और उनके जीवन की सलामती के लिए प्रार्थना करती हैं। राखी बंधवाने के बाद बीएसएफ जवानों ने भी छात्राओं को उपहार भेंट किए और उन्हें भरोसा दिलाया कि वे देश की सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ उनके सम्मान और सुरक्षा का भी ध्यान रखेंगे। जवानों ने वचन दिया कि वे हर हाल में देश की सीमाओं की रक्षा करेंगे, ताकि उनके ये राखी बांधने वाली बहनें सुरक्षित और खुशहाल रहें।



#### मेघवाल ने बीएसएफ की महिला प्रहरियों के साथ मनाया रक्षाबंधन

श्रीगंगानगर। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बीएसएफ की 140वीं बटालियन की खानूवाली पोस्ट पर पहुंचकर महिला प्रहरियों के साथ रक्षाबंधन मनाया और राखियां बंधवाई। इस अवसर पर उन्होंने महिला जवानों की बहादुरी, समर्पण और साहस की सराहना की और उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। मेघवाल ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के रिश्ते को और मजबूत करता है। उन्होंने बताया कि इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और भाई मन ही मन अपनी बहनों की सुरक्षा का संकल्प लेते हैं। यह त्योहार हमारी संस्कृति का एक अद्भुत हिस्सा है, जो भाई-बहन के प्यार को हमेशा बनाए रखता है। केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर वे रक्षाबंधन मनाने के लिए इस पोस्ट पर आए हैं। उन्होंने जवानों के साथ समय बिताया और उनकी समस्याओं को सुना, साथ ही उनके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने आह्वान किया था कि देश की रक्षा करने वाले जवानों के साथ यह पर्व मनाया जाए।



### जेल में बंद भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

**अजमेर।** सेंट्रल जेल में सोमवार को रक्षा बंधन का त्योहार मनाया गया। यहां सजा काट रहे भाइयों की कलाई पर बहनों ने रक्षा सूत्र बांधा तो दोनों की आंखें भर आई। बहनों ने इस मौके पर अपने भाई के रिहाई की दुआ भी मांगी। जेल की सलाखों के पीछे से भाइयों ने अपनी बहन के सुखी जीवन की कामना की। रक्षा बंधन के पर्व पर सेंट्रल जेल के बाहर सुबह से ही बहनों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी।



सेंट्रल जेल प्रशासन ने कैदी भाइयों व उनकी बहनों के लिए विशेष इंतजाम किए। जेल व जिला पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हुए अतिरिक्त जाब्ता भी तैनात किया। जेल के मुख्य द्वार पर जेल प्रशासन ने राखी बांधने की व्यवस्था की।



### डीडवाना में शहीद की प्रतिमा पर बहनों ने बांधी राखी

डीडवाना के ग्राम मामडोदा के शहीद हेमराज शर्मा की बहनें मनीषा और मधुबाला सोमवार को शहीद स्मारक पहुंचीं। यहां उन्होंने सबसे पहले अपने भाई की मूर्ति को तिलक लगाया, फिर कलाई पर राखी बांधकर अपने शहीद भाई हेमराज शर्मा को याद किया। शहीद की बहनों ने बताया कि आज केवल भाई की यादें ही रह गई हैं, लेकिन हमें हमारे भाई की शहादत पर गर्व है। उन्होंने अपने देश के लिए कुर्बानी दी है।



### सेना के जवानों को बांधी राखी

रक्षाबंधन पर बाड़मेर वात्सल्य सेवा केंद्र की बेटियों ने साध्वी सत्यसिद्धा की अगुवाई में जालीपा आर्मी स्टेशन पहुंच कर सेना के जवानों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। रक्षाबंधन के दिन इन बहनों के हाथों से राखियां बंधवा कर सेना के जवान भी काफी खुश नजर आए। वात्सल्य सेवा केंद्र की बेटी कल्पना ने बताया कि मेरे कोई भाई है या नहीं इस बात का मुझे पता नहीं है, क्योंकि हम वात्सल्य धाम में दीदीजी के पास ही रहे हैं। कल्पना ने कहा कि हमारे असली भाई यही हैं, क्योंकि सरहद पर खड़े होकर देश के प्रत्येक नागरिक की रक्षा करते हैं। सेना के अधिकारी ने बताया कि राखी को हम बहनों के साथ उत्साह के साथ मानते हैं।

राखी की खुशियां मातम में बदली

# दोस्तों संग गंभीरी नदी में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

**बेधड़क** | भरतपुर

जिले के बयाना क्षेत्र के गांव नगला ज्ञानी के एक घर में रक्षाबंधन की खुशियां मातम में बदल गईं। दोस्तों के साथ गंभीरी नदी में नहाने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। एसडीआरएफ और प्रशासन ने दो घंटे की मशक्कत के बाद युवक के शव को नदी से तलाश कर बाहर निकाला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

बयाना एसडीएम राजीव शर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे गांव नगला ज्ञानी निवासी मोहनू (28) पुत्र धर्म सिंह जाटव अपने तीन दोस्तों के साथ गंभीरी नदी में नहाने गया था। इस दौरान मोहनू नदी में डूबने लगा। दोस्तों ने शोर मचाया तो ग्रामीण दौड़कर आए, लेकिन तब तक युवक मोहनू नदी के पानी में डूब गया। सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई।



#### 15 दिन में 10 की मौत

बयाना क्षेत्र में बीते 15 दिन में नदी में डूबने की यह तीसरी घटना है। बीते दिनों नगला होंता में नदी में डूबने से 7 युवकों की व खिरकवास में दो युवकों की मौत हो चुकी है। इसके बाद अब एक और युवक की नदी में डूबने से मौत हो चुकी है। ऐसे में पिछले 15 दिन में 10 युवकों की पानी में डूबने से मौत हो चुकी है।

#### दो घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन

सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ की टीम ने ग्रामीणों की मदद से करीब दो घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद युवक के शव को तलाशकर बाहर निकाला। घटना के बाद से ही पूरे गांव में मातम का माहौल है। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

राखी पर आए थे अपने गांव

## डूबने से दो चचेरे भाइयों की मौत

**बेधड़क** | कुचामनसिटी

कुचामन के दौलतपुरा गांव में रक्षाबंधन की खुशियां मातम में बदल गई। गांव के दो चचेरे भाइयों की खेत में बने फार्म पौंड में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

चितावा थाना अधिकारी महावीर मीणा ने बताया कि नई दिल्ली में एयरफोर्स में कार्यरत सार्जेंट नरेंद्र सिंह रक्षाबंधन के मौके पर छुट्टी लेकर अपने गांव दौलतपुरा आए थे। उनके चचेरे भाई मान सिंह भी रक्षाबंधन के त्योहार में शामिल होने के लिए जयपुर से गांव पहुंचे थे।

सोमवार को दोनों भाई खेत में गए थे। मान सिंह काम करते वक्त अचानक फार्म पौंड में फिसल गए और उसे बचाने के लिए नरेंद्र सिंह फार्म पौंड के पास गए और उन्हें बचाने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान मान सिंह को बचाने की कोशिश में नरेंद्र सिंह भी फार्म पौंड में गिर गए और दोनों भाई फार्म पौंड में डूब गए।

उसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने किसी तरह से दोनों को फार्म पौंड से बाहर निकाला और आनन-फानन में दोनों को कुचामन स्थित राजकीय जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद विधायक और राजस्व राज्यमंत्री विजय सिंह चौधरी कुचामन चिकित्सालय पहुंचे और शोकाकुल परिवारों को सांत्वना दी।

### करंट से भाई की मौत, मातम में बदली खुशियां

**अनूपगढ़।** जिले में खुशियों का त्योहार रक्षाबंधन एक परिवार के लिए मातम में तब्दील हो गया। यहां करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई, वहीं मृतक की बहन को इसकी सूचना तब मिली, जब वो अपने इकलौते भाई को राखी बांधने के लिए अपने ससुराल से पीहर जा रही थी। दरअसल, यह घटना अनूपगढ़ जिले के घड़साना क्षेत्र के ग्राम एक एसटीआर की है। मृतक युवक की बहन पदमपुर के निकट स्थित अपने ससुराल से भाई को राखी बांधने के लिए पीहर जा रही थी, तभी उसे सूचना मिली कि उसके भाई राम कुमार की खेत में करंट लगने से मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से युवक को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुष्कर सरोवर पर हिमाद्रि स्नान

# पुष्कर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पुरोहितों ने पापों का किया 'प्रायश्चित'

**बेधड़क** | अजमेर

श्रावण मास की पूर्णिमा पर दसविद स्नान कर श्रावणी कर्म करने से विप्र समाज को ज्ञात और अज्ञात पापों से मुक्ति मिलती है। सदियों से यह धार्मिक रस्म विप्र समाज निभाता चला आ रहा है। इसी मान्यता के अनुसार पुष्कर सरोवर के मुख्य घाटों पर भी बड़ी संख्या में पुरोहितों ने 108 स्नान कर पापों का प्रायश्चित किया गया।

वराह घाट के प्रधान पंडित रविकांत शर्मा ने बताया कि वर्षभर शुभ अशुभ कर्म, वाणी से यदि किसी को पीड़ा पहुंची है, पाप हुआ है तो उसके प्रायश्चित के रूप में यह श्रावणी कर्म किया जाता है। सभी ब्राह्मणों को यह श्रावणी कर्म करना अनिवार्य होता है, अन्य वर्णों को श्रावणी कर्म करना अनिवार्य नहीं है, लेकिन वह चाहें तो कर सकते हैं। पंडित शर्मा ने बताया कि बीमार होने पर औषधि ली जाती है, उसी प्रकार वर्ष भर में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से होने वाले पापों के लिए यह प्रायश्चित कर्म होता है, जितने भी ज्योतिष, जो मुहूर्त निकालते हैं, उन्हें भी श्रावणी कर्म करना अनिवार्य होता है। यदि वह ऐसा नहीं करते हैं तो उन्हें वर्ष भर पंचांग को हाथ लगाने का अधिकार नहीं होता है। ज्ञान का बखान करना सरल है, लेकिन उसके अनुरूप चलना मुश्किल होता है।





पंडित पवन कुमार राजोरिया ने बताया कि श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को यज्ञोपवीतधारी और कर्मकांडी ब्राह्मण के लिए हिमाद्री स्नान करना अनिवार्य है। इसका एक पूरा विधान है। पहले दसविद स्नान किया जाता है। इसके बाद वैदिक मंत्रों के उच्चारण और मुद्राओं से स्नान किया जाता है। यह प्रायश्चित स्नान होता है। यह सभी ब्राह्मणों को करना चाहिए। इसमें ऋषियों का पूजन होता है। यह यज्ञोपवीत धारण किया जाता है। यज्ञ, हवन करने के बाद रक्षाबंधन मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि आज के दिन जनेऊ बदली जाती है। हिमाद्री स्नान के बाद यज्ञोपवित दान किया जाता है।

#### अनुष्ठान पहले किया दसविद स्नान

सोमवार को पुष्कर सरोवर के ब्रह्म घाट, वराह घाट, रामघाट आदि पर सोमवार को श्रावणी कर्म करने वाले ब्राह्मणों का तांता लग रहा। अनुष्ठान पहले दसविद स्नान किया गया। दसविद स्नान के लिए घी, पूसा, स्वर्ण, गोमूत्र, गोबर, दूध, मृतिका, फल, वनस्पति और दरमा का स्पर्श कर शरीर को पवित्र किया गया। इसके बाद भी वैदिक मंत्रों के साथ अलग-अलग वस्तुओं और औषधियों से स्नान किया गया। ब्राह्मण समाज ने हिमाद्री स्नान के जरिए शुद्धिकरण करके देव कर्म करने का अधिकार प्राप्त करने के लिए इस धार्मिक अनुष्ठान में उत्साह के साथ भाग लिया। श्रावणी कर्म के दौरान हिंदू देवी देवताओं को अर्क देकर मानव मात्र के कल्याण की कामना की गई। इस अवसर पर ऋषि मुनियों और लोगों ने पितरों को दर्पण भी दिया। पुरोहितों के अनुसार श्रावण मास की पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र होने के कारण श्रावणी कर्म करने का विशेष महत्व होता है।

**23 अगस्त से भरे जाएंगे फार्म,** दसवीं पास कर सकेंगे आवेदन

# सुप्रीम कोर्ट में कुक बनने का मौका, 46 हजार से ज्यादा सैलरी

**बेधड़क** | जयपुर

सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया की ओर से जूनियर कोर्ट अटेंडेंट (कुकिंग नोइंग) के पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 23 अगस्त से शुरू होगी। आवेदन शुरू होने के बाद उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट sci.gov.in. पर जाकर अप्लाई कर सकेंगे।

योग्यता की बात करें तो आवेदक को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से 10वीं पास होना चाहिए। किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कुकिंग में न्यूनतम एक वर्षीय डिप्लोमा जरूरी है। भूतपूर्व सैनिक जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से पाककला/पाककला में एक वर्षीय डिप्लोमा नहीं है, वे भी आवेदन कर सकते हैं। बशर्ते उनके पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी पाककला/खानपान क्षेत्र में ट्रेड/योग्यता प्रमाणपत्र हो। उम्मीदवारों के पास किसी प्रतिष्ठित होटल, रेस्तरां, सरकारी विभाग या उपक्रम में खाना पकाने का कम से कम तीन साल का अनुभव होना चाहिए। सैलरी की बात करें तो लेवल-3 के अनुसार 21,700 - 46,210 रुपए प्रतिमाह हो सकती है। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम 27 वर्ष होनी चाहिए। आयु की गिनती 1 अगस्त, 2024 के अनुसार की जाएगी। फीस की बात करें तो सामान्य, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के लिए 400 रुपए होगी। एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी/ईएसएम/एफएफ के आश्रित/विधवा/तलाकशुदा महिलाएं/न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाएं के लिए 200 रुपए होगी।

### यह रहेगा सलेक्शन का प्रोसेस

इसके लिए सबसे पहले लिखित परीक्षा होगी। उसके बाद स्किल टेस्ट होगा। उसमें पास हुए तो इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। इसके बाद मेडिकल एग्जाम होगा।



### एग्जाम पैटर्न

- सुप्रीम कोर्ट अटेंडेंट की लिखित परीक्षा 90 मिनट यानी डेढ घंटे की होगी।
- इसमें सामान्य ज्ञान और पाक कला से एमसीक्यू प्रश्न पूछे जाएंगे।
- यह परीक्षा 100 अंकों की होगी, जिसमें किसी तरह की निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

### ऐसे करें आवेदन

ऑफिशियल वेबसाइट www.sci.gov.in पर जाएं। इसके बाद नोटिस सेक्शन के तहत 'रिक्रूटमेंट' टैब पर क्लिक करें। 'जूनियर कोर्ट अटेंडेंट (कुकिंग नॉलेज) – 2024' के लिए लिंक खोजें और 'ऑनलाइन आवेदन करें' पर क्लिक करें। यहां अपना नाम, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर दर्ज करके रजिस्ट्रेशन प्रोसेस पूरी करें। अपने क्रेडेंशियल के जरिए लॉगइन करें।

जरूरी डिटेल्स के साथ फॉर्म भरें। जरूरी डॉक्यूमेंट्स की स्कैन की गई कॉपियां अपलोड करें। फीस जमा करें और भर गया आपका फार्म। हां, इसका प्रिंटआउट जरूर लेकर रखें।

## Yuva स्टोरीज

### केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर में वैदिक कर्म हुए



**बेधड़क** | जयपुर

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में श्रावणी उपाकर्म के उपलक्ष में शैक्षणिक भवन में स्थित मां भगवती सरस्वती प्रतिमा के सम्मुख वेदकर्मकांड पौरोहित्य विद्या शाखा के द्वारा श्रावणी उपाकर्म का आयोजन किया गया।

श्रावणी यह एक वैदिक कर्म (वैदिक पद्धति) है, जिसमें ऋषि तर्पण, देव तर्पण इत्यादि किए जाते हैं। साथ ही पंचगव्य स्नान का भी विधान है। स्नानोपरांत द्विज अपना यज्ञोपवीत परिवर्तन कर नए यज्ञोपवीत मंत्रों के द्वारा धारण करते हैं। इस कार्यक्रम के संरक्षक केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति श्रीनिवास बरखेड़ी, एवं निदेशक प्रोफेसर सुदेश कुमार शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक वेद विभाग के आचार्य डॉ. सुधाकर कुमार पांडेय एवं रजनीश कुमार पांडेय के द्वारा संपन्न कराया गया। इस मौके पर डॉ. विष्णु कांत पांडेय, डॉ.चेतन कुमार शर्मा, डॉ. प्रभात कुमार दास, डॉ. लक्ष्मण पाड़ी, डॉ. सुसुब्रत साहू, डॉ संतोष आचार्य मीडिया प्रभारी रानी दाधीच आदि मौजूद रहे।

**10वीं पास कर सकेंगे आवेदन**

### नेवल शिप रिपेयर यार्ड में निकली भर्ती

**बेधड़क** | जयपुर

नेवल शिप रिपेयर यार्ड और नेवल एयरक्राफ्ट यार्ड कोच्चि में अप्रेंटिस के पदों पर भर्ती निकली है। इस भर्ती के लिए उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए अधिकतम उम्र सीमा 21 साल तय की गई है।

उम्र में एससी/एसटी को पांच साल और ओबीसी को तीन साल की छूट दी जाएगी। उम्र की गिनती 1 फरवरी 2025 के अनुसार की जाएगी। एजुकेशनल क्वालिफिकेशन की बात करें तो उम्मीदवारों को 10वीं में कम से कम 50% और संबंधित ट्रेड में आईटीआई 65% अंकों से पास होना चाहिए। इसमें सलेक्शन इंटरव्यू के बेसिस पर होगा।

इस भर्ती के लिए आवेदन फॉर्म भरकर नेवल शिप रिपेयर यार्ड, नेवल बेस, कोच्चि- 682004 के पते पर भेजना पड़ेगा।

### स्वर्ण जीतकर जयपुर लौटी दीपा का जोरदार स्वागत



**बेधड़क** | जयपुर

श्रीलंका में हुई अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जयपुर की दीपा माथुर ने महिला युगल में स्वर्ण पदक और मिक्स युगल में रजत पदक जीता है। जयपुर लौटने पर प्रदेश के वरिष्ठ खिलाडि़यों ने उनका स्वागत किया सम्मान दिया। वहीं, दूसरी ओर बैटल डोर बैडमिंटन एकेडमी में 60 से 85 आयु के बैडमिंटन खिलाड़ियों की प्रतियोगिता हुई, जिसमें 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

**अगले साल 12, 15 और 16 फरवरी को होगी परीक्षा**

# GATE-25 EXAM के 24 से भरे जाएंगे फार्म




**बेधड़क** | जयपुर

गेट 2025 एग्जाम की तैयारियों के लगे उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण अपडेट है। अगले सत्र के लिए गेट एग्जाम का आयोजन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रुड़की (IIT Roorkee) द्वारा करवाया जाएगा, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन 24 अगस्त 2024 से शुरू होने वाले हैं। रजिस्ट्रेशन शुरू होते ही अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट gate.iitr.ac.in पर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। एप्लीकेशन फॉर्म भरने एवं फीस जमा करने की लास्ट डेट 26 सितंबर तय की गई है। परीक्षा का आयोजन 12, 15 और 16 फरवरी 2025 को किया जाएगा।

### लेट फीस के साथ इन डेट्स में कर सकेंगे आवेदन

जो अभ्यर्थी 26 सितंबर तक आवेदन प्रक्रिया पूर्ण नहीं कर सकेंगे उनके पास लेट फीस के साथ रजिस्ट्रेशन करने का मौका रहेगा। लेट फीस के साथ आवेदन 27 सितंबर से 7 अक्टूबर 2024 तक किया जा सकेगा। अतिरिक्त शुल्क (लेट फीस) के रूप में 500 रुपए अतिरिक्त जमा कराने होंगे।



### ऐसे कर सकेंगे आवेदन

गेट 2025 एग्जाम में रजिस्ट्रेशन करने के लिए आपको सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट gate.iitr.ac.in पर जाना होगा। वेबसाइट के होम पेज पर रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल भरकर पंजीकरण करना होगा। इसके बाद आपको अन्य डिटेल, फोटोग्राफ, हस्ताक्षर आदि अपलोड करना होगा। अंत में आपको निर्धारित शुल्क जमा करना होगा और फॉर्म को सबमिट करके उसका एक प्रिंटआउट निकालकर सुरक्षित रख लेना है।

### एप्लीकेशन फीस

जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों को एप्लीकेशन फीस के रूप में 1800 रुपए एवं लेट फीस के साथ आवेदन करने पर 2300 रुपये का भुगतान करना होगा। इसी प्रकार एससी, एसटी, पीएच एवं महिला उम्मीदवारों को शुल्क के रूप में 900 रुपए और लेट फीस के साथ आवेदन करने पर 1400 रुपए जमा करना होगा।

**जयपुर हेरिटेज लेडीज सर्किल की पहल**

# दृष्टिहीन स्टूडेंट्स को खेल उपकरण वितरित किए



**बेधड़क** | जयपुर

लेडीज सर्किल इंडिया, चैप्टर जयपुर हेरिटेज लेडीज सर्किल 128 ने ब्लाइंड स्कूल 'राजस्थान नेत्र कल्याण संघ' के स्टूडेंट्स को खेल उपकरण वितरित किए। ये पैरा-एथलीट पैरा एशियन गेम्स और पैरा ओलिंपिक की तैयारी कर रहे हैं।

वितरित किए गए सामान में बैडमिंटन किट, जेवलिन, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जम्पिंग रोप, और क्रिकेट किट शामिल हैं। लाभार्थियों में हेमंत कुमार मीना-400मी, 1500 मी. दौड़, प्रवीण शर्मा-जेवलिन थ्रो, गोला फेंक, पवन कुमार-5 किमी दौड़, मोनू जाट-लम्बी कूद, योगेन्द्र सिंह-लम्बी कूद, 400 मी. दौड़ में शामिल हैं।

ये सभी जल्द ही बैंगलोर में आयोजित 13वीं जूनियर व सब जूनियर चैम्पियनशिप के विजेता खिलाड़ी हैं। इन सबका लक्ष्य 2028 ओलिंपिक खेलना है। हेरिटेज लेडीज सर्किल का योगदान इन स्टूडेंट्स का आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें प्रतिस्पर्धा करने में मदद कर सकता है।

### जियोलॉजिस्ट-एएमई के 56 पदों के लिए निकाली भर्ती

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा खान एवं भू विज्ञान विभाग में भू-वैज्ञानिक के 32 पदों एवं सहायक खनिज अभियंता के 24 पदों पर भर्ती प्रोसेस जारी है। इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 22 जुलाई से शुरू किए गए और 20 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकते हैं। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में यथा समय सूचित कर दिया जाएगा। सहायक अभियंता के 1014 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 12 सितंबर 2024 की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे। सहायक सांख्यिकी अधिकारी के 43 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 सितंबर 2024 की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग में संरक्षण अधिकारी के 4 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रोसेस जारी है। कैंडिडेट्स 27 अगस्त की रात 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**सम्मान** | **अब वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीतने का लक्ष्य**

# ओलंपिक में 1 अंक से चूके शूटर नरूका पर डाक-टिकट

**बेधड़क** | जयपुर

ओलिंपिक में 1 अंक से चुके राजधानी के स्किट शूटर अनंतजीत सिंह नरूका के नाम से केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने स्मारक डाक टिकट जारी किया है। डाक विभाग की ओर से जारी यह टिकट नरुका के राष्ट्र के प्रति असाधरण योगदानों की पहचान और प्रशंसा का प्रतीक है। बता दें कि नरुका ने पेरिस ओलिंपिक में भारत को रिप्रजेंट किया। जहां वे मिस्क टीम स्किट इवेंट में सिर्फ 1 अंक से कांस्य पदक जीतने से चुक गए थे।



अनंतजीत सिंह नरुका ने बताया- साल 2012 से पहले तक मैं एक क्रिकेटर बनना चाहता था, पर जब मुझे मेरे पिता से स्किट शूटिंग के बारे में पता चला तो उसमें मेरा इंटरेस्ट बढ़ने लगा, जिसके बाद मैंने अपने कॅरियर की शुरुआत की। इसके अलावा मैंने जूनियर वर्ल्ड कप और एशियन चैंपियनशिप जैसे कई इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन जीते। कोविड के दौरान ज्यादा शूटिंग नहीं हुई, लेकिन एक बार जब मैंने फिर से शुरुआत की तो सब कुछ बहुत अलग था, असली रोमांच था।

### एक गलत शॉट ने मेहनत पर पानी फेरा

नरूका ने कहा- मुझे और माहेश्वरी को पदक जीतने की पूरी उम्मीद थी, लेकिन एक गलत शॉट ने हमारी मेहनत पर पानी फेर दिया। मुझे मलाल है कि देश को पदक नहीं दिला सके, लेकिन हमने अपनी तरफ से पूरा प्रयास किया था। हर विफलता हमें सफल होने का गुर सिखा जाती है। मैं अगले ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के लिए पूरी कोशिश करूंगा।

### चीन से था मुकाबला, पूरी रात करवट बदलते बीती

कांस्य पदक मुकाबले में हमारा मुकाबला चीन से था। इवेंट से पहले की रात मैं कभी भूल नहीं सकता। पूरी रात करवट बदलते-बदलते बीती। बार-बार यही बात मन में आ रही थी कि कल यह करना, वह करना है। खैर वह रात बीती और हम मुकाबले के लिए पहुंचे। हमारा मनोबल बढ़ा हुआ था। मैंने और माहेश्वरी ने अपना सौ फीसदी दिया, पर शायद वह हमारा दिन नहीं था। मुझे अब तक लगता है कि काश एक अंक और ले लेते।

### अब वर्ल्ड कप में स्वर्ण जीतने का लक्ष्य

ओलिंपिक में पदक से चूक जाने का अफसोस होता है, लेकिन मैंने खुद को समझाया कि पदक न जीत सके तो क्या हुआ... हम पूरी दुनिया में चौथे स्थान पर हैं। अब अक्टूबर में विश्वकप खेलना है और इसके लिए भारत के शीर्ष 14 शूटरों का चयन किया गया है। अब मेरा लक्ष्य विश्वकप में स्वर्ण जीतना है। उसके बाद में ओलंपिक की तैयारी में जुट जाऊंगा।

# महिला सुरक्षा के लिए मजबूत तंत्र विकसित करना जरूरी



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हाल ही में कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। घटना के बाद हाल फिलहाल,पश्चिम बंगाल और पूरे भारत में अनेक जूनियर डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी सड़कों पर उतर आए हैं तथा न्याय और अस्पतालों में सुरक्षा उपायों को बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

वास्तव में यह घटना दर्शाती है कि महिलाएं आज भी सुरक्षित नहीं हैं। न तो घर, न आफिस और न ही बाहर। आज हम सभी महिलाओं के सशक्तीकरण की बातें तो खूब करतें हैं लेकिन महिला सशक्तीकरण तो दूर की बात, आजादी के बरसों बाद भी हम महिलाओं को समाज में वह स्थान नहीं दे पाएं हैं, जो कि वास्तव में उनका होना चाहिए। भारत तो सदियों सदियों से नारियों को पूजने वाला देश रहा है और जब हमारे समाज में ऐसी वीभत्स और जघन्य घटनाएं घटित होती हैं तो यह हमारे समाज पर कहीं न कहीं सवालिया निशान पैदा करता है। आज महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक कानून बनाए गए हैं।महिला एवं बाल विकास मंत्रालय महिलाओं से संबंधित विभिन्न विशेष कानूनों जैसे घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005; दहेज निषेध अधिनियम, 1961; महिलाओं का अभद्र चित्रण (निषेध) अधिनियम, 1986; कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 और बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 का प्रशासन कर रहा है।सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा एवं संरक्षा से संबंधित परियोजनाओं के लिए निर्भया कोष की स्थापना की है। वर्ष 2019 में यौन अपराधों के लिए जांच ट्रैकिंग प्रणाली" नामक एक ऑनलाइन विश्लेषणात्मक उपकरण लॉन्च किया गया है । इतना ही नहीं, वर्ष 2018 में "यौन अपराधियों पर राष्ट्रीय डेटाबेस" (NDSO) लॉन्च किया गया था। महिलाओं की सुरक्षा के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली चालू की गई है। साइबर अपराध पोर्टल भी लांच किया गया है। हमारे यहां कई शहरों में स्मार्ट पुलिसिंग और सुरक्षा प्रबंधन व्यवस्था भी है।

> *"महिला सुरक्षा के लिए विभिन्न पहलों के समन्वय हेतु गृह मंत्रालय ने महिला सुरक्षा प्रभाग की स्थापना की है। इसके अलावा महिलाओं की सुरक्षा के क्रम में और भी अनेक योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। यहां तक कि भारत सरकार कार्यशालाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संगोष्ठियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापनों आदि के माध्यम से महिलाओं और उनके अधिकारों से संबंधित विभिन्न कानूनों पर जागरूकता सृजन कार्यक्रम और प्रचार अभियान चलाती है, लेकिन बावजूद इसके भी यदि महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं तो यह हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न ही कहा जा सकता है।"*

महिला सुरक्षा के लिए विभिन्न पहलों के समन्वय हेतु गृह मंत्रालय ने महिला सुरक्षा प्रभाग की स्थापना की है। इसके अलावा महिलाओं की सुरक्षा के क्रम में और भी अनेक योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। यहां तक कि भारत सरकार कार्यशालाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संगोष्ठियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापनों आदि के माध्यम से महिलाओं और उनके अधिकारों से संबंधित विभिन्न कानूनों पर जागरूकता सृजन कार्यक्रम और प्रचार अभियान चलाती है, लेकिन बावजूद इसके भी यदि महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं तो यह हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न ही कहा जा सकता है। बहरहाल,कहने को तो आज महिलाओं को पुरूष के बराबर स्थान दिए जाने की बातें हम खूब करतें हैं लेकिन कड़वा सच यह है कि महिलाओं को आज भी पुरुष के बराबर समाज में स्थान प्राप्त नहीं है। आज के समय में भी महिलाएं घर से बाहर निकलने से कतरातीं हैं, क्यों कि असामाजिक तत्व महिलाओं से छेड़छाड़, बलात्कार, हिंसक व्यवहार, गलत इशारे करने, उन्हें तंग या परेशान करने से नहीं चूकते। अपराधियों में पुलिस व प्रशासन का खौफ भी नजर नहीं आता और वे आसानी से हमारे समाज को शर्मशार करने वाली, निंदनीय घटनाओं को अंजाम देने में सफल हो जाते हैं।

ऐसा भी नहीं है कि पुलिस व प्रशासन के साथ आम नागरिक इन सबके प्रति सतर्क व जागरूक नहीं है, लेकिन बावजूद इसके भी हमारे देश में अनेक स्थानों पर महिलाओं के साथ अत्याचार, बलात्कार, हिंसक घटनाएं घटित होती हैं। हाल ही में कोलकाता में यह घटना कहीं न कहीं हमारे समाज की उस कड़वी हकीकत को सामने लाती है, जो महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति, हमारी सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरी और व्यापक सामाजिक विफलताओं को उजागर करती है।

यहां यक्ष प्रश्न यह उठता है कि आखिर महिलाओं के प्रति हमारी सुरक्षा व्यवस्था की कड़ी आखिर टूट क्यों जाती है? इसके पीछे कारण क्या हैं? इस पर चिंतन-मनन व एक्शन लिए जाने की जरूरत है। भारतीय समाज संस्कृति में नारी शक्ति स्वरूपा है, नवरात्र में हम कंजिकाओं का पूजन करते हैं। ऐसे में यदि हमारे देश में ऐसी घटनाएं बार बार घटित होती हैं तो यह बहुत ही शर्मनाक होने के साथ ही दुखद भी है। वास्तव में ऐसी घटनाएं घटित न हो, इसके लिए पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाया जाना चाहिए। हाल फिलहाल की घटना ने एक बार फिर से मृत्युदंड की प्रासंगिकता पर बहस किए जाने को कहीं न कहीं जन्म दिया है। स्वयं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी आरोपी के लिए मृत्युदंड की मांग की है, जो आम जनता की सख्त सज़ा की मांग के अनुरूप है। आज महिलाओं की शिकायतों के निवारण के लिए एक मजबूत तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है। आज जरूरत इस बात की है कि अपराधियों को उनके कृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए और सख्त से सख्त सजा दी जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने पाए। आमजन को भी और अधिक जागरूक व सजग होने की आवश्यकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## राजीव गांधी की जयंती पर विशेष

# राष्ट्र के निर्माण में अद्वितीय भूमिका



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *"राजीव को वैज्ञानिक खोजों एवं तकनीकी विकास के क्षेत्र में गहरी अभिरुचि थी। वे चाहते थे कि उसका इस्तेमाल कृषि कार्यों में हो। औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और उद्योगपतियों को प्रोत्साहित करने के लिए उनकी सरकार ने विशेष आर्थिक छूट प्रदान की और लाइसेंस राज को खत्म किया। विकास की राह में रोड़ा बने बिचौलियों की भूमिका समाप्त की।"*

आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती है। राजीव गांधी में राष्ट्र को सामर्थ्यवान बनाने की सर्जनात्मक जिद् थी। उन्होंने सत्ता का लगाम थामते ही आतंकवाद के फन को कुचलना शुरु किया। कश्मीर, पंजाब और पूर्वोत्तर में आतंकवाद से निपटने के लिए उन्होंने जोरदार रणनीति बनायी और आतंकवादियों को दूम दबाना पड़ा। महात्मा गांधी के अहिंसा के विचार से प्रभावित राजीव गांधी ने आतंकवाद प्रभावित राज्यों के गुमराह नौजवानों को राष्ट्र की मुख्य धारा में शामिल होने का आह्वान किया और भरोसा दिया कि उनके हित के लिए सरकार ठोस पहल करेगी। देखा गया कि उनकी सरकार ने रोजगार सृजित किए और आतंकवाद प्रभावित राज्यों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया।

उनका स्पष्ट मानना था कि आतंकवादी और अलगाववादी गतिविधियों के पीछे ढ़ेर सारे कारण हैं जिसमें से एक कारण आर्थिक विपन्नता भी है और इसे दूर किए बिना आतंकवाद और अलगाववाद पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता। राजीव गांधी ने भारत को महानतम देशों की कतार में शुमार करने के लिए आधुनिक शिक्षा और वैज्ञानिक तकनीकी के ज्ञान पर बल दिया। युवा राजनीति में भी आगे बढ़े इसके लिए उन्होंने अपने मंत्रिमंडल में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी बढ़ायी। विकास को लेकर उनका स्पष्ट मानना था कि देश का विकास तभी संभव है जब गांवों का विकास होगा। देश की असल ताकत गांव है और राष्ट्र की समृद्धि के लिए गांवों का समृद्ध होना जरुरी है। उनकी सरकार ने गांवों के विकास के लिए कई नीतियां बनायी। उनकी सरकार के एजेंडे में शिक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता में था। वे तकनीकी शिक्षा के जरिए गांव के नौजवानों को आगे बढ़ते हुए देखना चाहते थे। इसके लिए उनकी सरकार ने नई शिक्षा नीति लागू की और देश भर में हजारों की संख्या में जवाहर नवोदय विद्यालय खोले गए।

उनकी सरकार ने केंद्रीय विद्यालयों की संख्या भी कई गुना बढ़ायी गयी। देश के विभिन्न हिस्सों में तकनीकी विद्यालय खोले। इसका असर यह हुआ कि शहरों के साथ-साथ गांव के युवाओं में भी तकनीकी शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ा। उनकी सरकार ने देश से गरीबी और भूखमरी मिटाने के लिए सकारात्मक पहल की। बेरोजगारी दूर करने के लिए कई योजनाएं बनाई।



विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाए जिसका फायदा युवाओं को मिला। राजीव गांधी का स्पष्ट मानना था कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और उद्योग एवं कृषि का समान रुप से विकास होना चाहिए। कृषि के विकास के लिए उनकी सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। मसलन किसानों को कम ब्याज दर पर कृषि ऋण एवं कृषि उपकरण उपलब्ध कराए। किसानों को उनके फसल की उचित कीमत मिले इसके लिए उनकी सरकार ने समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की। कम उपजाऊ एवं ऊसर भूमि को उर्वर बनाने के लिए आधुनिक तकनीकी को बढ़ावा दिया। किसानों को समय पर उन्नत बीज एवं उर्वरक मिले इसके लिए ठोस पहल की। गांवों में स्थापित सहकारी समितियों को सुचारु ढंग से चलाने के लिए धन उपलब्ध कराया।

उन्होंने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलावा गन्ना उत्पादन वाले विशेष क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में चीनी मिलें खुलवायी। नगदी फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जिससे धीरे-धीरे गांवों की शक्ल बदलने लगी। जवाहर रोजगार योजना के तहत गांवों का विकास हुआ और हजारों लोगों को रोजगार मिला। वे अच्छी तरह जानते थे कि किसानों और कृषि को मजबूत किए बिना देश को तरक्की की राह पर आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। उन्होंने सिंचाई के उचित प्रबंध के लिए कई प्रमुख परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उनकी सरकार ने इंदिरा आवास योजना के माध्यम से गरीबों के लिए छत मुहैया करायी। गांवों को शहरों से जोड़ने की दिशा में पहल करते हुए सड़कों का निर्माण कराया। उनका मकसद यह था कि किसान अपने पैदावार को बेचने के लिए शहरों तक आसानी से जाएं और उन्हें उनकी उपज का वाजिब मूल्य मिले। गरीबों तक अनाज पहुंचाने के लिए उनकी सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को दुरुस्त किया।

राजीव गांधी ने रोजगार सृजन और तरक्की की राह को और आसान बनाने के लिए अनेकों कल-कारखानों की स्थापना की। आज उसी की नींव पर बुलंद भारत की नयी तस्वीर रची जा रही है। उनका वैज्ञानिक खोजों एवं तकनीकी विकास के क्षेत्र में गहरी अभिरुचि थी। वे चाहते थे कि उसका इस्तेमाल कृषि कार्यों में हो। औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और उद्योगपतियों को प्रोत्साहित करने के लिए उनकी सरकार ने विशेष आर्थिक छूट प्रदान की और लाइसेंस राज को खत्म किया। विकास की राह में रोड़ा बने बिचौलियों की भूमिका समाप्त की। राजीव गांधी देश की सुरक्षा को लेकर भी बेहद गंभीर थे। उन्हें कतई पसंद नहीं था कि पड़ोसी व विदेशी ताकतें देश की संप्रभुता को चुनौती दें। इसलिए उन्होंने परंपरागत विदेश नीति को एक नया आयाम दिया। पड़ोसी देशों से मधुर संबंध बनाए रखना उनकी शीर्ष प्राथमिकता में था और आसपास की चुनौतियों को लेकर भी सतर्क थे।

उनकी सरकार की विदेश नीति की प्रमुख विशेषता-अतरराष्ट्रीय मसलों को पारस्परिक बातचीत से हल करना और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखना था। इसके लिए उन्होंने दक्षिण एशिया में शांति की ठोस पहल की। आग में जल रहे पड़ोसी देश श्रीलंका में शांति स्थापना के लिए शांति सेना भेजी। लेकिन श्रीलंका में पसरे आतंकियों को यह रास नहीं आया और वे एक सुनियोजित साजिश रचकर 21 मई, 1991 को मद्रास के निकट पेराम्बुदूर में आत्मघाती हमला कर उनकी हत्या कर दी। संपूर्ण विश्व स्तब्ध रह गया। लेकिन उनकी शहादत रंग लायी और अंततः आतंकी शक्तियों को पराजित होना पड़ा। 40 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री बनने वाले राजीव गांधी भारत के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने। तथ्य यह भी कि देश में पीढ़ीगत बदलाव के महायोद्धा राजीव गांधी को अब तक का सबसे बड़ा जनादेश प्राप्त करने का गौरव भी हासिल है। राजीव गांधी स्वभाव से बेहद गंभीर और धैयवान थे।

आधुनिक सोच व विचारों से लबरेज राजीव गांधी में निर्णय लेने की अदभुत क्षमता थी। वे भारत को दुनिया की उच्च तकनीकों से लैस देखना चाहते थे। उन्होंने सत्ता में रहते हुए ही इक्कीसवीं सदी के भारत के निर्माण का रोडमैप खींच दिया। यहीं कारण है कि देश आज भी राजीव गांधी के विचारों और उनके आदर्शों से प्रभावित और अभिभूत है। गौर करें तो समाज में व्याप्त विषमता से उत्पन जिस हलाहल को पंडित जवाहरलाल नेहरु, इंदिरा गांधी और लाल बहादूर शास्त्री ने पीया और जीया उसी पीड़ा को वर्षों बाद राजीव गांधी को भी पीना पड़ा। बहरहाल उन्होंने पूरी ताकत से समाज के गुणसूत्र को बदलने की ठान ली। उन्होंने सामाजिक गैर-बराबरी को समाप्त करने लिए परंपरागत मूल्यों और मान्यताओं को हथियार बनाने के बजाए उसे ही निशाने पर रखा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# देर जरूर है पर अंधेर नहीं!



आशीष सकलेचा
व्यंग्यकार

जब किसी एक का वास्तविक हक छीना जाता है तो उतना बबाल नही मचता है जितना किसी संगठन, समुदाय आदि का हक छीने जाने पर मचता है। सामूहिक रूप से हक छिने जाने पर आक्रोश आना तो स्वाभाविक है। इसके प्रतिकार या विरोध स्वरूप धरना प्रदर्शन, चक्काजाम, ज्ञापन, रैली, आंदोलन होना तो लाजमी है, पर यह जब तक ही सही है जब वास्तविक रूप में उनका हक छिना जा रहा हो। यहा तो आलम यह है की जब जिसका मन चाहे तब अपने हक, मांगो (चाहे वह गैर वाजिब हो) के लिए सड़क पर उतर जाते है और गैर प्रजातांत्रिक तरीकों से आक्रोश व्यक्त करते हैं जैसे- तोड़फोड़, आगजनी, ट्रेन को रोकना, सार्वजनिक सम्पति को नुकसान पहुंचा कर। इन सबसे भिन्न एक समुदाय है जिसने अपने तमाम हको को छिने जाने के बाद भी कभी चूं तक नहीं करा है। उनके द्वारा कभी किसी तरह के कोई भी कदम उठाने की खबर न तो पढ़ी है और नही सुनी है। इन्होंने तो अब तक न कोई मीटिंग की न कोई नाराजगी व्यक्त की न कोई किसी भी तरह का उग्र प्रदर्शन किया। ऐसे समुदाय का जितना भी शुक्रिया अदा करें उतना कम है। इनके धैर्य व संयम को तो इक्कीस तोपों की सलामी। पशु- पक्षियों, जीव- जंतुओं के जो उनके अपने जन्मजात हक है उनको वर्तमान समय के सफेद पोशो ने छिन लिया है । अपना हक छिने जाने से यह तबका सामुदायिक रुप से अपने आप को ठगा हुआ महसुस कर रहा है। अब बात करते है उस समुदाय के कौन - कौन से हक किस - किस तरह से हमारे देश के महान सफेद पोशो ने छिने है। रंग बदलने का हक सिर्फ और सिर्फ गिरगिट का है, परंतु अब सफेद पोश रंग बदल रहे हैं। डसने का व जहर उगलने का हक सांप का है, परंतु अब सफेद पोश डस रहे है और जहर उगल रहे हैं। बिल (घर) बदलने का हक चूहों का है, परंतु सफेद पोश रोज पार्टी बदल रहे हैं। कौवे की करकश आवाज पर भी सफेद पोशो ने कब्जा कर लिया है। लोमड़ी अपनी चतुराई के लिए विशेष रुप से जानी- पहचानी जाती है, परंतु अब सफद पोशो ने अपनी चतुराई से उसकी यह पहचान भी छीन ली है। बिल्ली की विशेषता है की वह उसकी निगाह से लक्ष्य साध लेती है, परंतु उसकी इस विशेषता पर सफेद पोशो ने अपनी छाप लगा दी है, वे भी अपनी निगाह को अपने प्रमुख लक्ष्य कुर्सी को साधने लगाए रखते है। इन सबके बाद एक बात और है की इनके अपने स्वयं के मुहावरों को इनकी बिना अनुमति के तीसरे पक्ष द्वारा दैनिक जीवन में उदाहरण के लिए उपयोग में लिए जाते रहे हैं।

बात यहां एक समुदाय के घोर अपमान का है। इस समुदाय को चाहिए कि अब हाथ पर हाथ धरे न बैठे, क्योंकि चुप बैठने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। इनको जल्द ही एक मीटिंग कर अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ना चाहिए। "जागे - जागो, अभी नही तो कभी नहीं।" रायचंद बन कर मुफ्त में इनको सलाह देना चाहता हूं ,पर डरता हूं कहीं इनको उकसाने, भड़काने का आरोप मुझ पर न लग जाए। खैर जो भी होगा देखा जाएगा अब गौर से सुनो मेरी बात- स्थानीय स्तर पर सब को एकत्र करो और एक रूप रेखा बनाओ। पहले अलग-अलग जिलों में अपने समुदाय को इकठ्ठा करो फिर धीरे धीरे जिला स्तर पर मजबूत संगठन खड़ा करो। इसके पश्चात हर प्रदेश में इस तरह के मजबूत संगठन बनाओ। जब पूरे देश में इस तरह से संगठन बन जाए तो बस दिखा दो अपनी ताकत और जंतर मंतर की तरफ कुच कर दो। डरना मत वहा लाठिया भी खाना पड़ेगी, आंसू गैस के गोले भी छोड़े जाएंगे हो सकता है, पर हिम्मत और हौसला रखना। इतिहास इस बात का गवा है की वे अपने हक के लिए बरसों तक जेल में रहे और आखिरकार उनकी जीत हुई। इन सबके बाद भी बात नहीं बने तो अपने हक के लिए कोर्ट की और रुख करे। कोर्ट का दरवाजा खुला है और हमेशा खुला ही रहेगा । ध्यान रहे छुट्टी के दिन जरूर बंद रहेगा। "कोर्ट में देर जरूर है पर अंधेर नहीं है"!


## नॉलेज कॉर्नर: भारत में दो बार बनाया गया यह कानून

# ये है प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम 1957

अगर आप कोई कविता या कहानी लिखें और कोई उसे अपने नाम से प्रकाशित कर दे तो शायद यह आपको रास नहीं आएगा। इन्हीं हरकतों पर लगाम लगाने व रोकने के लिए एक कानून बनाया गया। जिसे कॉपीराइट या प्रतिलिप्यधिकार कहा जाता है। यह व्यक्ति के मूल लेखन को अन्य व्यक्ति द्वारा कॉपी करने व प्रकाशित करने से रोकता है। यह कानून कृति के लेखक को प्रकाशन करने का विशेष अधिकार प्रदान करता है। दरअसल प्रतिलिप्यधिकार या कॉपीराइट का उपयोग व्यक्ति या संस्था उस स्थिति में कर सकता है, जब किसी चीज का वर्णन, पेंटिंग, कहानी या गाना केवल आपके द्वारा वर्णित किया गया हो। ऐसी कृतियों पर सिर्फ संबधित व्यक्तियों का ही अधिकार होता है। इसमें उसी व्यक्ति का प्रतिलिप्यधिकार होगा तथा अन्य व्यक्ति द्वारा उसे प्रकाशित नहीं किया जा सकता या केवल असल लेखक की अनुमति के बाद ही प्रयोग में लाया जा सकता है।

### कब बना अधिनियम

भारत में प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम वर्ष 1957 में बना। जिसे 'द कॉपीराइट एक्ट 1957' के रूप में जाना जाता है। भारत में दो बार प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम बनाए गए। पूर्व में वर्ष 1914 में कॉपीराइट एक्ट बनाया गया था। यह ब्रिटेन के 'इंपीरियल कापीराइट एक्ट 1911' पर आधारित था। ब्रिटेन द्वारा बनाए गए इस कानून और उसके नियम को भारतीय स्वाधीनता अधिनियम के अनुच्छेद 18 (3) के तहत अनुकूलित कर लिए गए थे।




वर्ष 1957 तक यही एक्ट चला। लेकिन वर्ष 1957 में नए प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम बनने के बाद पुराना कानून निरस्त हो गया। इस अधिनियम को अमल में लाने के लिए प्रतिलिप्यधिकार कार्यालय भी स्थापित किया गया। इस कार्यालय का मुख्य कार्य लेखक, रचनाकार का नाम, पता तथा कृति का नाम दर्ज करना है।

### मुद्रणकला के बाद आया अधिकार

दरअसल प्रतिलिप्याधिकार की बात मुद्रणकला की शुरूआत होने के बाद उठी। क्योंकि इससे पहले यह अनुमान नहीं था कि किसी रचना या कलाकृति से किसी प्रकार का आर्थिक लाभ उठाया जा सकता है। जैसा कि कॉपीराइट का अर्थ है किसी कृति के संबंध में संबंधित व्यक्ति या संस्था का निश्चित अवधि के लिये अधिकार। जब मुद्रणकला का प्रचार होने लगा तो कॉपीराइट की बात भी सामने आयी। इस अधिकार का उद्देश्य रचनाकार, कलाकार या संस्था को अपनी रचना से निर्धारित अवधि तक आर्थिक लाभ उठाने का अधिकार प्रदान करना है।

### प्रतिलिप्यधिकार मंडल की स्थापना

*अधिनियम बनने के बाद प्रतिलिप्यधिकार मंडल यानी कॉपीराइट बोर्ड की स्थापना की गई। इसका कार्यालय प्रधान रजिस्ट्रार होता है। बोर्ड का अध्यक्ष उच्च न्यायालय का जज या सेवानिवृत्त जज होता है, जिसकी सहायता के लिये तीन व्यक्तियों को नियुक्त किया जाता है।*

*कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी*



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
हमारे प्रयासों में सफलता कड़ी मेहनत, स्मार्ट काम और अवसरों को आकर्षित करने के लिए हम अपने प्रयासों को कितने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हैं, के बीच संतुलन पर निर्भर करती है।

यूपीएससी के माध्यम से लेटरल एंट्री पर सियासी घमासान जारी: कांग्रेस के हमले पर भाजपा ने किया पलटवार

# आरक्षण छीनने का प्रयास: राहुल, सीधी भर्ती संप्रग की अवधारणा: वैष्णव

एजेंसी | नई दिल्ली

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के माध्यम से लेटरल एंट्री यान सीधी भर्ती को लेकर सियासी घमासान जारी है। कांग्रेस नेता व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि प्रशासनिक सुधार आयोग दलित, ओबीसी और आदिवासियों पर हमला है। वहीं, भाजपा ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि यह अवधारणा सबसे पहले कांग्रेस नीत संप्रग के शासनकाल में ही आई थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि लेटरल एंट्री के मामले में कांग्रेस का पाखंड दिख रहा है



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा का रामराज्य का विकृत संस्करण संविधान को नष्ट करने और बहुजनों से आरक्षण छीनने का प्रयास है। राहुल गांधी ने रविवार को भी कहा था कि केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में महत्वपूर्ण पदों पर लेटरल एंट्री के जरिए भर्ती कर खुलेआम एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग का आरक्षण छीना जा रहा है।

### संविधान बदलने का चक्रव्यूह है सीधी भर्ती: खरगे

वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी कहा कि लेटरल भर्ती आरक्षण को छीनकर संविधान बदलने का भाजपा का चक्रव्यूह है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सीधी भर्ती का प्रावधान संविधान पर हमला है। सरकारी विभागों में रिक्तियां भरने के बजाय पिछले 10 वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में ही भारत सरकार के हिस्सों को बेचकर भाजपा ने 5.1 लाख पद खत्म कर दिए। उन्होंने कहा कि अनुबंधित भर्ती में 91 प्रतिशत इजाफा हुआ है। एससी-एसटी और ओबीसी के पदों में 1.3 लाख तक की कमी आई है। हम सीधी भर्ती गिने-चुने विशेषज्ञों को कुछ विशेष पदों में उनकी उपयोगिता के अनुसार नियुक्त करने के लिए लाए थे। लेकिन मोदी सरकार ने सीधी भर्ती का प्रावधान दलित, आदिवासी व पिछड़े वर्गों का अधिकार छीनने के लिए किया है। खरगे ने आरोप लगाया कि आरक्षित वर्गों के पद अब आरएसएस के लोगों को मिलेंगे।

### राजग पारदर्शी तरीके से लागू कर रहा: अश्विनी वैष्णव



वहीं इस मामले में पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सीधी भर्ती को लेकर पहला प्रयास यूपीए सरकार ने किया था। प्रशासनिक सुधार आयोग को 2005 में यूपीए सरकार में ही विकसित किया गया था। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली ने प्रशासनिक सुधार आयोग की अध्यक्षता की थी। इस आयोग ने विशेषज्ञता की जरूरत वाले पदों को भरने के लिए विशेषज्ञों की भर्ती की सिफारिश की थी। राजग सरकार ने इस सिफारिश को लागू करने के लिए एक पारदर्शी तरीका बनाया है। उन्होंने कहा कि भर्ती यूपीएससी के माध्यम से पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से की जाएगी। इस सुधार से शासन में सुधार होगा।

### कैब सवार राहुल ने जानी गिग वर्कर्स की परेशानी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी राहुल गांधी ने भारत के गिग वर्कर्स की समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने निजी कैब सर्विस कंपनी उबेर के चालक से इसे लेकर बात की और उनके परिवारवालों से भी मिले। राहुल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी साझा किया। इस वीडियो के जरिए उन्होंने बताया कि कैब चालक और डिलीवरी एजेंट्स जैसे गिग वर्कर्स का हैंड टू माउथ इनकम में गुजारा नहीं होता है। इसमें उनकी बचत भी नहीं होता है। उन्होंने कहा कि इनके समाधान के लिए कांग्रेस की राज्य सरकारें ठोस नीतियां बना कर न्याय करेंगी और विपक्षी गठबंधन इंडिया पूरे संघर्ष के साथ इसका देशव्यापी विस्तार सुनिश्चित करेगा।

### उपेंद्र कुशवाहा जाएंगे राज्यसभा

**पटना।** बिहार की दो राज्यसभा सीटों के लिए उपचुनाव होना और दोनों सीटों पर राजग के उम्मीदवार राज्यसभा जाएंगे। भाजपा ने एक सीट पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा को प्रत्याश बनाया है। कुशवाहा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पर जानकारी दी है। उपेंद्र कुशवाहा ने लिखा कि नामांकन अब 20 अगस्त नहीं 21 अगस्त को करेंगे। पूर्व में 20 अगस्त को नामांकन दाखिल किए जाने का कार्यक्रम था, किंतु राज्यसभा की दूसरी सीट के लिए उम्मीदवार तय होने में देरी के कारण नामांकन कार्यक्रम को एक दिन आगे बढ़ा दिया गया है। वहीं, दूसरी सीट पर भाजपा खुद अपना प्रत्याशी उतार रही है। बिहार भाजपा ने इसके लिए केन्द्रीय नेतृत्व को करीब डेढ़ दर्जन नेताओं के नाम भेजे हैं। इस बीच, कयास हैं कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता आरके सिंह दूसरी सीट की दावेदारी में सबसे आगे हैं।

MUDA घोटाला केस : हाई कोर्ट में सुनवाई

# CM सिद्धारमैया को राहत 29 तक कार्रवाई पर रोक

एजेंसी | बेंगलुरु

मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) घोटाले मामले में कर्नाटक हाई कोर्ट से राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को बड़ी राहत मिली है। सिद्धारमैया ने इस मामे में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की राज्यपाल की मंजूरी के खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाई कोर्ट ने सिद्धारमैया की याचिका पर सुनवाई होने तक उनके खिलाफ

कार्रवाई से रोक लगा दी है। अदालत में मामले की सुनवाई के दौरान सिद्धारमैया का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने किया। उनका तर्क था कि राज्यपाल की मंजूरी पक्षपातपूर्ण है और राजनीतिक कारणों से कर्नाटक में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को अस्थिर करने का प्रयास हो रहा है। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 29 अगस्त को होगी।

ज्ञात रहे कि राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने 17 अगस्त को एमयूडीए की ओर से भूमि आवंटन में कथित अनियमितताओं को लेकर सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी। विवाद उस समय शुरू हुआ जब सामाजिक कार्यकर्ता टी जे अब्राहम, स्नेहमई कृष्णा और प्रदीप कुमार एसपी ने राज्यपाल से सिद्धारमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी। आरोप है कि मैसूरु में लगभग 14 भूखंडों का सीएम सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को गलत तरीके से आवंटित किए गए हैं। इनका आवंटन पार्वती के नाम की भूमि के अधिग्रहण पर प्रतिपूरक के रूप में किया गया था।



### सियासी टकराव का सबब बना मामला

ज्ञात रहे कि यह मामला कर्नाटक में महत्वपूर्ण राजनीतिक टकराव का कारण बन गया है। सत्तारूढ़ कांग्रेस और प्रमुख विपक्षी भारतीय जनता पार्टी दोनों लंबी लड़ाई के लिए तैयार मालूम होते हैं। इस मामले को लेकर सिद्धारमैया को विपक्षी दलों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ा। हालांकि, मुख्यमंत्री ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है।

### कांग्रेस का राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन

दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस की सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा मुकदमा चलाने की अनुमति दिए जाने के विरोध में सोमवार को राज्यव्यापी प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालयों पर धरना दिया, पैदल मार्च किया और रैलियां आयोजित कीं। उन्होंने राज्यपाल के कदम की निंदा करते हुए हाथों में तख्तियां ले रखीं थी। उप मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा, राज्यपाल बिना मतलब का मामला बना रहे हैं। यह लोकतंत्र की हत्या है और हम इसका विरोध करेंगे। कांग्रेस ने बेंगलुरु, उडुपी, मंगलुरु, हुबली-धारवाड़, विजयपुरा, कलबुर्गी, रायचूर, तुमकुरु और मैसुरु सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन किए। मुख्यमंत्री ने कहा है, मेरे खिलाफ कोई मामला नहीं है और राज्यपाल का फैसला असंवैधानिक है। सिद्धरमैया ने आरोप लगाया कि राज्यपाल केंद्र सरकार के हाथों की कठपुतली बन गए हैं और उनके खिलाफ जांच की मंजूरी देना एक निर्वाचित सरकार को अस्थिर करने की एक भयावह साजिश के अलावा कुछ नहीं है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस का चुनावी घोषणा पत्र जारी

# अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए लड़ेगी पार्टी: उमर अब्दुल्ला

- 200 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा

एजेंसी | श्रीनगर

नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को अपना पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी करते हुए कहा कि उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर की राजनीतिक और कानूनी स्थिति की बहाली के लिए लड़ेगी। उन्होंने वायदा किया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो 200 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी। सरकार गठन के पहले तीन महीनों के भीतर जम्मू-कश्मीर युवा रोजगार सृजन अधिनियम पारित किया जाएगा, जो युवाओं के लिए स्थायी



रोजगार के अवसर सृजित करने पर केंद्रित होगा। कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए प्रतिबद्धता जताई गई है। उमर अब्दुल्ला ने प्रेस वार्ता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में चुनाव घोषणा पत्र जारी किया। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान होगा। चुनाव के नतीजे 4 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

### घोषणा पत्र की खास बातें

**गारंटी**

- जन सुरक्षा अधिनियम (PSA) को रद्द किया जाएगा
- राजनीतिक कैदियों की रिहाई सुनिश्चित की जाएगी
- कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए प्रतिबद्धता जताई गई है
- पासपोर्ट सत्यापन प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा
- अनुचित बर्खास्तगी को समाप्त किया जाएगा
- राजमार्गों पर लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान करने पर रोक लगाई जाएगी

### स्वायत्तता प्रस्ताव को लागू करने का वादा

अब्दुल्ला ने कहा कि अगर नेशनल कॉन्फ्रेंस सत्ता में आती है तो अनुच्छेद 370 की बहाली और जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे के साथ-साथ 2000 में तत्कालीन विधानसभा द्वारा पारित स्वायत्तता प्रस्ताव का कार्यान्वयन आगामी चुनावों के लिए पार्टी की ओर से घोषित 12 गारंटियों में से एक है। दरअसल, जून 2000 में फारूक अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार ने राज्य में 1953 से पहले की संवैधानिक स्थिति को बहाल करने की मांग करते हुए विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित किया था। हालांकि, तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की अध्यक्षता वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसे अस्वीकार कर दिया था।

### बुनियादी ढांचे में बड़े सुधार के वादे

- प्रत्येक गांव-मोहल्ले में बुनियादी और आपातकालीन सेवाओं के लिए क्लिनिक स्थापित किए जाएंगे।
- 200 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी।
- प्रत्येक घर को मुफ्त पेयजल प्रदान किया जाएगा।
- एक लाख युवाओं को नौकरी दी जाएगी।
- सभी सरकारी विभागों में 180 दिनों के भीतर सभी रिक्तियों को भरा जाएगा।
- गरीब परिवारों को 6 सिलेंडर मुफ्त में दिए जाएंगे।
- सार्वजनिक परिवहनों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जाएगी।
- पेंशनधारकों के लिए चिकित्सा भत्ता 300 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए किया जाएगा
- अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की जाएगी।

चंपई सोरेन के भाजपा में जाने के कयासों पर बोले मरांडी

# चंपई अनुभवी, फैसला खुद करेंगे

एजेंसी | रांची

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व झामुमो नेता चंपई सोरेन की पार्टी से बगावत के बाद उनके अगले कदम को लेकर कयास जारी हैं। उनके भाजपा में जाने की अटकलों के बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को कहा कि चंपई सोरेन के पार्टी में शामिल होने की संभावनाओं को लेकर उनके साथ अभी कोई बातचीत नहीं हुई है। मरांडी ने कहा कि चंपई एक अनुभवी नेता हैं और वह अपनी आगे की राह के बारे में निर्णय खुद लेंगे।

ज्ञात रहे कि भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच चंपई



रविवार दोपहर दिल्ली पहुंचे थे। बाद में उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि बतौर मुख्यमंत्री उन्होंने अत्यधिक अपमान झेला, जिसके बाद वह वैकल्पिक राह तलाशने के लिए मजबूर हो गए। मरांडी ने कहा कि चंपई सोरेन झारखंड राज्य के गठन के लिए चलाए गए आंदोलन का हिस्सा रह चुके हैं। वह अपनी आगे की राह के बारे में निर्णय खुद लेंगे।

चंपई के सोशल मीडिया पोस्ट का जिक्र करते हुए मरांडी ने कहा कि जिस तरह से चंपई को मुख्यमंत्री पद से हटाया गया, उससे वह काफी आहत हैं। भाजपा द्वारा विधायकों की खरीद-फरोख्त करने संबंधी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आरोपों पर मरांडी ने कहा कि इसका मतलब यह है कि वह (हेमंत) कह रहे हैं कि उनके विधायक बिकाऊ हैं। यदि आप (हेमंत) सभी विधायकों को बिकाऊ कहेंगे, तो कौन आपके साथ रहना चाहेगा। अगर कोई विधायक अपना दुख व्यक्त करता है, तो आपको उसकी बात सुननी चाहिए।

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने केंद्र पर आरोप लगाया

# रेलवे प्रोजेक्ट के लिए की धन में कटौती

एजेंसी | चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सोमवार को राज्य में रेलवे परियोजनाओं के लिए केंद्रीय निधि में कटौती पर निराशा व्यक्त की और कहा कि इस कदम से तमिलनाडु की प्रगति पर भारी असर पड़ेगा। नियमित रेल बजट 2024-2025 में दक्षिणी रेलवे के लिए निधि आवंटन में कमी के संबंध में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष मुद्दा उठाते हुए, उन्होंने तमिलनाडु में नई लाइनों, दोहरीकरण और ग्राहक सुविधा परियोजनाओं के लिए निर्धारित पर्याप्त निधियों के आवंटन को सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप की मांग की।

सीएम एमके स्टालिन ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को संबोधित एक पत्र



में कहा, मैं दोहराता हूं कि इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं में धन की कमी के कारण और देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पत्र में कहा, हम इस बात से निराश हैं कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए भारतीय रेलवे के नियमित बजट में कुछ लेखा शीर्षों के तहत दक्षिणी रेलवे के लिए धन का आवंटन उसी वर्ष के अंतरिम बजट में आवंटन की तुलना में बहुत कम है।

### कटौती दोहरीकरण परियोजनाओं को कर देगी धीमा

नई लाइन परियोजनाओं के लिए 674.8 करोड़ रुपए की यह भारी कटौती और दोहरीकरण परियोजनाओं के लिए 285.64 करोड़ रुपए की इसी तरह की कटौती तमिलनाडु में चल रही कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति को गंभीर रूप से प्रभावित करेगी और साथ ही निश्चित रूप से राज्य में बहुत जरूरी दोहरीकरण परियोजनाओं को धीमा कर देगी। उन्होंने स्पष्ट करने के लिए ऐसी बारह दोहरीकरण परियोजनाओं को सूचीबद्ध किया। साथ ही, सीएम एमके स्टालिन ने चेन्नई और उसके आसपास के क्षेत्रों के लिए दक्षिणी रेलवे के साथ लंबित महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से किलाम्बक्कम बस टर्मिनस, ईएमयू सेवाओं और एमआरटीएस लाइनों से संबंधित रेलवे कार्यों को तेज करने की आवश्यकता है।

हरियाणा की चुनावी चिट्ठी

# भाजपा की चुनाव घोषणा पत्र समिति घोषित, ओमप्रकाश धनखड़ बने अध्यक्ष

एजेंसी | चंडीगढ़

हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सियासी पारा चढ़ने लगा है। सत्ता की सियासत में दबदबा रखने वाले सभी दलों ने अपनी अपनी चुनावी तैयारियां शुरू कर दी हैं। चुनाव की घोषणा के बाद से एक्शन मोड में आई भाजपा ने नेताओं के दौरे और रैलियों की शुरुआत से पहले पार्टी ने 15 सदस्यीय मेनिफेस्टो कमेटी घोषित कर दी है। ओमप्रकाश धनखड़ को समिति का प्रमुख नियुक्त किया गया है। कमेटी में कृष्ण लाल पंवार, कैप्टन अभिमन्यु, रणबीर गंगवा, वेदपाल एडवोकेट, विपुल गोयल, किरण चौधरी, भव्य बिश्नोई,



सुनीता दुग्गल, भूपेश्वर दयाल, सत्यप्रकाश जरावता, अभय सिंह यादव, संजय शर्मा, मदन गोयल, रोजी मालिक आनंद का नाम शामिल है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने ये नियुक्तियां की हैं। यह कमेटी राज्य की मौजूदा स्थितियों और मुद्दों का आकलन करते हुए मेनिफेस्टो तैयार करेगी। इस कमेटी में भाजपा ने सभी इलाकों को साधने का प्रयास किया है।

हरियाणा विधानसभा में 90 सीटें हैं। बहुमत के लिए 46 का आंकड़ा चाहिए। पिछली बार भाजपा 40 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। इसके बाद भाजपा ने दस सीटें जीतने वाली जजपा के साथ मिलकर सरकार का गठन किया था। कांग्रेस को 31 सीटें मिली थीं। एक-एक सीट इनेलो और हलोपा के खाते में आई थी। सात सीटें निर्दलीयों ने जीती थी।

### दुष्यंत ने हुड्डा पर कसा तंज... अब घोषित करो राज्यसभा प्रत्याशी





दूसरी ओर दो दिन में पांच पार्टी विधायकों का साथ गंवाने वाले जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नेता दुष्यंत चौटाला ने कांग्रेस को राज्यसभा उपचुनाव में प्रत्याशी खड़ा करने की चुनौती दी है। उन्होंने कहा है कि अगर भूपेन्द्र हुड्डा की भाजपा से सांठगांठ नहीं है तो वो राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार खड़ा करे। हम पहले से ही भाजपा के खिलाफ मतदान करने का वादा कर चुके हैं। ज्ञात रहे कि जजपा के पांच विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। चौटाला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 21 अगस्त हरियाणा राज्यसभा उपचुनाव के नामांकन की अंतिम तिथि है। अब तो हमारे 4-5 विधायक भी कांग्रेसी हो चुके हैं। अब तो कांग्रेस का उम्मीदवार चुनाव जीतने के करीब है। दुष्यंत चौटाला ने इसके बाद सोशल मीडिया एक्स पर शायराना अंदाज में कटाक्ष भी किया है। चौटाला ने लिखा है कि जेल के डर से बार-बार बिकता रहे, उधर का हो और इधर का दिखता रहे। कांग्रेस ने राज्यसभा चुनावों के लिए अपने पत्ते नहीं खोले हैं। कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा था कि अगर उनके पास संख्याबल होता तो वह विनेश फोगाट को राज्यसभा में भेज देते। राज्यसभा की सीट भूपेंद्र हुड्डा के बेटे दीपेंद्र हुड्डा के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। दीपेंद्र हुड्डा लोकसभा चुनावों में रोहतक से जीते हैं। वे इन दिनों कांग्रेस की 'हरियाणा मांगे हिसाब' यात्रा को लेकर लोगों के बीच में हैं। चर्चा है कि भाजपा कांग्रेस छोड़कर आई किरण चौधरी को राज्यसभा भेज सकती है।

### कांग्रेस की सरकार बनी तो मैं डिप्टी सीएम का दावेदार: चिरंजीव राव



हरियााणा में रेवाड़ी शहर से विधायक चिरंजीव राव ने हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर डिप्टी सीएम के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। उन्होंने टिकट फाइनल होने से पहले ही नामांकन की तिथि भी 9 तारीख तय कर दी। दरअसल, शहर स्थित कोठी पर चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इस दौरान चिरंजीव ने कार्यकर्ताओं के बीच अपने 5 साल का रिपोर्ट कार्ड भी पेश किया। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि अगर रेवाड़ी की जनता उन्हें इस बार विधायक चुनती है तो सरकार बनने पर वे डिप्टी सीएम के दावेदार होंगे। उन्होंने आगे कहा कि महत्वाकांक्षा हर किसी की होती है और महत्वाकांक्षा रखना गलत नहीं है, वैसे ही मेरी भी है। क्योंकि 2019 के चुनाव में भाजपा की लहर के बावजूद रेवाड़ी की जनता ने उन्हें जिताया था। उस समय भाजपा का 75 प्लस का नारा चल रहा था, लेकिन इस बार जनता खुद कांग्रेस के पक्ष में 75 प्लस का नारा दे रही है।

## जरूरी खबर

### कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक चुनावों पर विचार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में सोमवार को यहां स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक हुई जिसमें विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति पर विचार किया गया। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार कांग्रेस मुख्यालय में हुई इस बैठक में खरगे, गांधी के साथ ही पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि बैठक में संचालन समिति के सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया और जिन राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने हैं वहां की स्थिति को लेकर विचार विमर्श किया गया तथा सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### भारत की यात्रा पर पहुंचे मलेशिया के पीएम इब्राहिम



**नई दिल्ली।** मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर बिन इब्राहिम भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार देर रात राजधानी दिल्ली पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अपने मलेशियाई समकक्ष के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से भारतीय श्रमिकों की भर्ती सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री के रूप में इब्राहिम की यह पहली भारत यात्रा है। इस समझौते पर हस्ताक्षर करने का निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत से मलेशिया में अवैध आव्रजन और मानव तस्करी दोनों सरकारों की प्रमुख चिंताओं में से एक है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि 20 अगस्त को इब्राहिम का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया जाएगा।

### टला बड़ा हादसा, एक ही पटरी पर आ गई दो ट्रेन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सिलीगुड़ी के निकट एनजेपी क्षेत्र में राजधानी एक्सप्रेस एक मालगाड़ी से टकराते टकराते बची है। दोनों ही ट्रेन एक ही लाइन पर आ गई थी। राजधानी एक्सप्रेस के लोको पायलट की तत्परता से एक बड़ी दुर्घटना टल गई है। हालांकि अचानक ब्रेक लगाने के कारण कुछ यात्री अपनी सीट से गिर गए और उनमें दहशत का माहौल बना रहा। ज्ञात रहे कि पश्चिम बंगाल में ऐसा पहली बार नहीं है इससे पहले वहां कई हादसे हुए हैं। 17 जून को अगरतला से सियालदह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन को एक मालगाड़ी ने न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से करीब 30 किमी दूर टक्कर मार दी थी।

## रूस के नौसेना प्रमुख भारत के दौरे पर



*नई दिल्ली। भारत के दौरे पर आए रूस के नौसेना कमांडर-इन-चीफ एडमिरल अलेक्जेंडर मोइसेव ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान से मुलाकात की। इस दौरान रूसी प्रतिनिधिमंडल ने जनरल चौहान के साथ विभिन्न रक्षा मसलों पर विचार विमर्श किया।*

## पूर्व सेना अध्यक्ष जनरल पद्मनाभन का निधन



**चेन्नई।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल सुंदरराजन पद्मनाभन का चेन्नई में निधन हो गया। वे 83 साल के थे। उनको सैन्य हलकों में प्यार से 'पैडी' के नाम से जाना जाता था। वे 30 सितंबर 2000 से 31 दिसंबर 2002 तक थल सेनाध्यक्ष थे। जनरल पद्मनाभन के परिवार में उनकी पत्नी, बेटी और एक बेटा है। उनके बच्चे अमेरिका से लौट रहे हैं। जनरल पद्मनाभन का अंतिम संस्कार मंगलवार शाम होगा। वे 43 वर्ष से अधिक की प्रतिष्ठित सैन्य सेवा पूरी करने के बाद 31 दिसंबर 2002 को सेवानिवृत्त हुए थे। दिल्ली में प्रतिष्ठित एनडीसी कोर्स में भाग लेने से पहले जनरल पद्मनाभन ने एक स्वतंत्र ब्रिगेड और एक माउंटेन ब्रिगेड की कमान संभाली थी। 15 कोर कमांडर के रूप में सेवाओं के लिए उन्हें अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया था।

### केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर किया हलफनामा, कहा...

# तीन तलाक मुस्लिम महिलाओं के लिए घातक, कड़े प्रावधान जरूरी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि तीन तलाक समाज में वैवाहिक व्यवस्था के लिए खतरनाक है और यह मुस्लिम महिलाओं की हालत दयनीय बना देता है। केंद्र ने तीन तलाक कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर एक हलफनामे में यह बात कही है। इसमें कहा गया है कि तीन तलाक कानून मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिला रहा है। साथ ही विवाहित मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों का संरक्षण करता है।

दरअल इस महीने की शुरुआत में ही समस्त केरल जमाइतुल उलेमा की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। यह सुन्नियों का एक संगठन है। याचिकाकर्ता ने मुस्लिम महिला (विवाह के बाद अधिकारों की रक्षा) कानून 2019 को असंवैधानिक बताया है। याचिका में कहा गया था कि जब सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को अमान्य करार कर दिया है तो इसे अपराध घोषित नहीं किया जाना चाहिए। इसे लेकर केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने हलफनामा दायर किया है। सरकार ने कहा कि तीन तलाक की प्रथा मुस्लिम महिलाओं के लिए घातक और उनकी स्थिति को दयनीय बना देती है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से 2017 में इस प्रथा को अमान्य करार किए जाने को कुछ ही मुस्लिम समुदायों ने वैध माना है। इसके बाद भी तीन तलाक के मामले पूरी तरह नहीं रुके।



### मौलिक अधिकारों का संरक्षण जरूरी

सरकार ने कहा कि तीन तलाक की पीड़िताओं के पास पुलिस के पास जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता है। कानून में दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान न होने के चलते पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर पाती। इसलिए इस कानून में कड़े प्रावधानों की जरूरत है। सरकार ने तर्क दिया कि 2019 अधिनियम विवाहित मुस्लिम महिलाओं को न्याय और समानता के बड़े संवैधानिक लक्ष्यों को सुनिश्चित करने में मदद करता है। उनके गैर-भेदभाव और सशक्तीकरण के मौलिक अधिकारों को संरक्षित करने में मदद करता है।

### तीन तलाक : मौलिक अधिकारों का हनन

केंद्र सरकार ने याचिकाकर्ता के दावों को खारिज करते हुए कहा कि तीन तलाक महिलाओं के मौलिक अधिकार का हनन करता है। संविधान में महिलाओं को भी बराबरी का अधिकार दिया गया है। संसद ने सर्वसहमति से महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए कानून बनाया है। इसमें लैंगिक न्याय और महिलाओं के समानता के अधिकार को सुनिश्चित किया गया है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट पहले भी कह चुका है कि संसद द्वारा बने कानून पर वह बहुत ज्यादा चर्चा नहीं करना चाहता।

### पीएम मोदी का यूक्रेन दौरा 23 को

# रूस-यूक्रेन के बीच भारत सीधे तौर पर नहीं करेगा मध्यस्थता

### पीएम 21-22 को पोलैंड की यात्रा करेंगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 अगस्त को रूस के साथ युद्धरत यूक्रेन की यात्रा पर जाएंगे जहां उनकी यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेन्स्की के साथ संघर्ष के समाधान के उपायों पर चर्चा होने की संभावना है। वहीं, सूत्रों ने बताया कि भारत रूस और यूक्रेन के बीच सीधे तौर पर मध्यस्थता नहीं करेगा। हालांकि वह दोनों देशों के बीच संदेश पहुंचाने में मदद कर सकता है। पीएम मोदी इससे पहले 21 एवं 22 अगस्त को पोलैंड की यात्रा पर वारसा में रहेंगे। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में मोदी की यूक्रेन की बहुचर्चित यात्रा के बारे में जानकारी दी। मोदी सबसे पहले पोलैंड की यात्रा करेंगे। उसके बाद एक दिन की संक्षिप्त यात्रा पर




यूक्रेन की राजधानी कीव जाएंगे। पीएम मोदी की पोलैंड यात्रा ऐसे समय हो रही है जब दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ भी मना रहे हैं। एक सवाल के जवाब में लाल ने कहा कि भारत एवं पोलैंड के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ाने को लेकर भी बात होगी। यात्रा के दूसरे चरण के बारे में लाल ने कहा कि पीएम मोदी यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के निमंत्रण पर इस सप्ताह के अंत में शुक्रवार, 23 अगस्त को यूक्रेन की आधिकारिक यात्रा करेंगे।

### पाकिस्तान तक पहुंचा मंकीपॉक्स

# अस्पतालों-हवाई अड्डों पर बढ़ी सतर्कता

**एजेंसी** | नई दिल्ली

खतरनाक एमपॉक्स यानी मंकीपॉक्स अफ्रीका के बाद भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में दस्तक दे चुका है। वैश्विक स्तर पर एमपॉक्स को लेकर मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारत ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। इसके तहत, इमरजेंसी वार्ड बनाने और हवाई अड्डों पर सतर्कता बढ़ाने जैसे ऐहतियाती कदम उठाए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने अस्पतालों को रैशेज वाले मरीजों की पहचान करने के निर्देश दिए हैं। उनके लिए आइसोलेशन वार्ड तैयार करने को कहा गया है। दिल्ली में 3 नोडल अस्पताल (सफदरजंग,



लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और राम मनोहर लोहिया अस्पताल) को इसके लिए चिह्नित किया गया है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, संदिग्ध मरीजों की आरटी-पीसीआर और नेजल स्वैब जांच की जाएगी। साथ ही, एयरपोर्ट पर आवश्यक सावधानी बरतने के लिए सतर्क कर दिया गया है। बांग्लादेश और पाकिस्तान की सीमाओं के पास स्थित भूमि बंदरगाहों के अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के प्रति सतर्क रहने को कहा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सभी राज्य सरकारों को अपने यहां ऐसे चिह्नित अस्पतालों की पहचान करने को कहा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव पी के मिश्रा ने रविवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इसमें त्वरित पहचान के लिए निगरानी बढ़ाए जाने के बीच मंकीपॉक्स को लेकर देश की तैयारियों की समीक्षा की गई।

### तमिलनाडु: प्राचार्य-शिक्षक समेत 11 आरोपी गिरफ्तार

# फर्जी NCC कैंप में छात्रा से दुष्कर्म, कई से छेड़छाड़

**एजेंसी** | कृष्णागिरी (तमिलनाडु)

तमिलनाडु के कृष्णागिरी में एक फर्जी राष्ट्रीय कैडेट कोर कैंप में 13 साल की एक छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इसके साथ ही, कुछ और लड़कियों ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में रविवार को कैंप आयोजक, निजी स्कूल के प्रधानाचार्य, दो शिक्षकों सहित 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि निजी स्कूल के पास एनसीसी इकाई नहीं थी। आयोजकों ने स्कूल प्रबंधन से कहा था कि इस तरह के कैंप की मेजबानी करने से वे एनसीसी के लिए पात्र हो जाएंगे।



### तबीयत बिगड़ने के बाद हुआ पर्दाफाश

यह घटना आठ अगस्त की है। कैंप पूरा होने के बाद सभी घर लौट आए। बाद में दुष्कर्म पीड़ित छात्रा की तबीयत खराब हो गई और 16 अगस्त को अस्पताल में उसने परिजनों को घटना के बारे में बताया। इसके बाद परिजनों ने बरगुर पुलिस को घटना की सूचना दी और वारदात का पर्दाफाश हुआ।

### स्कूल ने दबा दिया था मामला

डीएसपी पी थगादुरई ने कहा, स्कूल के अधिकारियों को यौन अपराधों के बारे में पता था, लेकिन उन्होंने पुलिस को सूचित करने के बजाय मामले को दबा दिया। यहीं नहीं, पीड़ित छात्राओं को भी इस मामले को गंभीरता से न लेने के निर्देश दिए गए थे। पीड़िताओं की मेडिकल जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ यौन अपराधों के खिलाफ बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

### कैंप में नहीं थे शिक्षक

एक अधिकारी ने बताया कि इस महीने की शुरुआत में आयोजित तीन दिवसीय कैंप में 17 लड़कियों सहित 41 छात्रों ने भाग लिया था। छात्राओं को पहली मंजिल पर स्कूल के सभागार में ठहराया गया था, जबकि लड़कों को भूतल पर। कैंप की निगरानी के लिए कोई शिक्षक भी नहीं रखा गया था। लड़कियों का आरोप है कि उन्हें बहलाकर ऑडिटोरियम से बाहर ले जाया गया। फिर उनका यौन उत्पीड़न और शोषण किया गया।

### कोलकाता: डॉक्टर से रेप व हत्या का मामला

# आरोपी का होगा पॉलीग्राफ टेस्ट, CBI को मिली अनुमति

**एजेंसी** | कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक ट्रेनी डॉक्टर के रेप व हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट होगा। कोलकाता की एक अदालत ने सीबीआई को आरोपी संजय रॉय का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की अनुमति दे दी। टेस्ट कब होगा इस बारे में सीबीआई जल्द ही फैसला लेगी। इस टेस्ट के जरिए अपराधी झूठ बोल रहा है या सही इसका पता लगाया जाता है। सीबीआई ने सियालदह कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने याचिका दाखिल की थी। इस तरह के टेस्ट में सीबीआई के कुछ डॉक्टरों की एक सीएफएसएल




टीम जांच करती है। सीबीआई इस मामले में संजय राय से कुछ सवाल करेगी। ज्ञात रहे कि इस रेप और हत्याकांड के मामले में कई एंगल निकल कर सामने आ रहे हैं। पीड़िता के माता-पिता ने इसमें साथी डॉक्टरों के भी शामिल होने का शक जताया है। कुछ मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इस रेप और हत्याकांड के तार किसी बड़े मानव अंग तस्करी गिरोह और सेक्स रैकेट से भी जुड़े हुए हो सकते हैं। सीबीआई लगातार इस मामले से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है।

### आज राष्ट्रपति से मिलेंगे प. बंगाल के राज्यपाल

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी.आनंद बोस दिल्ली के दौरे पर पहुंचे। सी.वी.आनंद बोस कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। राज्यपाल बोस गृहमंत्री अमित शाह और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से भी मुलाकात कर सकते हैं। इस बीच, राज्यपाल बोस ने कोलकाता में कहा कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र का पतन हो रहा है। प्रदेश महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं रह गया है और राज्य सरकार इस मुद्दे पर असंवेदनशील है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं चलेगा और उनके सामने सभी सांविधानिक विकल्प खुले हैं। सोमवार को राज्यपाल ने महिला नेताओं और डॉक्टरों से मुलाकात की और आश्वासन दिया कि वह पश्चिम बंगाल को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने में उनके साथ खड़े हैं।

### ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग

केंद्रीय मंत्री और बंगला बीजेपी के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग की है। मजूमदार ने कहा कि बंगाल की सीएम के इस्तीफे की मांग पर उंगलियां उठ रही हैं। उदयन गुहा के बयान पर केंद्रीय मंत्री और बंगाल बीजेपी प्रमुख सुकांता मजूमदार ने कहा कि कितनों के हाथ तोड़ेंगे, उंगली काटेंगे।

### पूर्व प्रिंसिपल से चौथी बार पूछताछ

सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष से सोमवार को लगातार चौथे दिन पूछताछ की। केंद्रीय एजेंसी डॉ.घोष से तीन दिनों में 37 घंटे पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों के अनुसार पूर्व प्रिंसिपल गलत जानकारी दे रहे हैं। उनके बयान में विसंगतियां पाई गई हैं। गवाहों के बयान से वे मेल नहीं खा रहे हैं। केंद्रीय एजेंसी ने डॉ. घोष के मोबाइल से कई तथ्य डिलीट किए जाने की भी आशंका जताई है।

# अमेरिका: इंडिया डे परेड में दिखी राम मंदिर की झांकी

**एजेंसी** | नई दिल्ली/ न्यूयार्क

अमेरिका के न्यूयार्क में भारतवंशियों ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को इंडिया डे परेड निकाली। इसमें भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और धार्मिक विविधता की झलक दिखी। यह 42वीं इंडिया डे परेड थी। इसमें अयोध्या के राम मंदिर की झांकी शामिल की गई। इसके अलावा मुस्लिम, ईसाई और सिख समुदायों की झांकियां भी देखने को मिलीं। परेड में भारतीय यहूदी और बौद्ध समूह के लोग भी शामिल हुए। लोगों ने महाराष्ट्र के पारंपरिक ढोल बजाते हुए राम मंदिर की झांकी का स्वागत किया। हजारों लोगों ने इस परेड में भाग लिया। हालांकि इस दौरान एक मुस्लिम संगठन के नेतृत्व वाले समूह ने परेड को बाधित करने का प्रयास किया, जिसे असफल कर दिया गया।



### पुलिस विभाग ने भी मार्च निकाला

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और अभिनेता जहीर इकबाल भी परेड में शामिल हुए। न्यूयार्क पुलिस विभाग ने परेड में मार्च करने के लिए अधिकारियों और बैंड की एक टुकड़ी भेजी। पुलिस विभाग ने अपने बैनर के साथ मार्च किया। भारतीय तिरंगा थामे दो घुड़सवार पुलिसकर्मी भी रहे।

**ब्यूटी पेजेंट:** फाइनलिस्ट मॉडल्स ने टाइटल क्राउन के लिए की कैट वॉक

# बॉलीवुड एक्ट्रेस से मिला मोटिवेशन तो बूस्ट हुआ मॉडल्स का कॉन्फिडेंस

**बेधड़क.**जयपुर। जब बॉलीवुड एक्ट्रेस के सामने परफॉर्म करने और उनसे मिलकर मोटिवेट होने का मौका मिला तो मॉडल्स का आत्मविश्वास दोगुना हो गया। ये अनूठा नजारा था प्राउड टू बी ए वुमन के स्लोगन के साथ वीआ एंटरटेनमेंट की ओर से व वुमनट्रेप्रेनियर ग्लोबल के सहयोग द्वारा आयोजित नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट वीआ मिस, मिसेज एन्ड टीन इंडिया-2024 सीजन-3 के ग्रैंड फिनाले का, जो अजमेर रोड स्थित स्टारडम रिसोर्ट में हुआ। जहां बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने गेस्ट के रूप में शामिल होते चीयरअप किया। वेस्टर्न, ट्रेडिशनल, इंडो वेस्टर्न व स्पार्कल डिजाइनर आउटफिट्स थीम पर तीन राउंड्स में हुए फैशन सीक्वेंस में टॉप 10 फाइनलिस्ट मॉडल्स ने टाइटल क्राउन के लिए कैट वॉक की।








### शुरुआत भारतीय संस्कृति से की

पेजेंट की शुरुआत ट्रेडिशनल आउटफिट्स के साथ हुई। सैकंड राउंड में पार्टिसिपेंट्स ने वेस्टर्न कलेक्शन शोकेस किया। सबसे आखिर में टॉप 5 फाइनलिस्ट मॉडल्स ने डिजाइनर गाउन कलेक्शन पेश किया। इस दौरान मॉडल्स ने जूरी के सवालों के जवाब दिए और अपनी दावेदारी पेश की।

### मॉडल्स को इन टाइटल्स से किया सम्मानित

जीवनी सिंह-मिसेज इंडिया इंटरनेशनल-2024, स्वाति देओरे- मिसेज इंडिया एशिया क्वीन-2024, रितु महाजन-मिसेज इंडिया नॉर्थ-2024, सोनिया विज- मिसेज इंडिया उत्तरप्रदेश-2024, प्रीति यति-मिसेज इंडिया बैंगलोर-2024, यामी हैंगिंग चेरोम-मिस टीन इंडिया अरुणाचल प्रदेश-2024, हिमाश्री कलिता-मिस इंडिया असम-2024, ट्विंकल सिंह- मिस इंडिया हिमाचल प्रदेश-2024, नविषा ईस्टर- ए ब्रांड एम्बेसडर चेन्नई-2024, आशी सिंगला-मिसेज इंडिया पंजाब-2024 और नविषी सिंह को मिस टीन इंडिया हरियाणा-2024 के टाइटल से नवाजा गया।

**पूरे देश से शामिल हुए पार्टिसिपेंट्स**

आयोजक हरीश सोनी ने बताया कि पेजेंट में असम, हिमाचल, महाराष्ट्र, दिल्ली, नॉर्थईस्ट जैसी जगहों से मॉडल्स ने पार्टिसिपेट किया है। फिनाले से पहले सभी पार्टिसिपेंट्स के लिए इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स द्वारा ग्रूमिंग सेशंस, पोर्टफोलियो शूट, टैलेंट राउंड आदि एक्टिविटीज का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि पेजेंट के ऑफिशियल फोटोग्राफर सोनू जांगिड़ हैं। इवेंट में जूरी मैंबर्स के तौर पर रश्मि नोरा और दिशा करमाकर उपस्थित रहे। वहीं, बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने बतौर सेलिब्रिटी गेस्ट इवेंट में हिस्सा लिया।

## वात्सल्य पर्व है रक्षाबंधन



**बेधड़क. जयपुर।** टोंक रोड स्थित कीर्ति नगर जैन मंदिर में धर्मसभा में विशुद्ध सागर के शिष्य समत्व सागर ने कहा कि रक्षाबंधन वास्तविकता में वात्सल्य पर्व है। पर्व हमें प्रकाश देने वाले होते हैं। हमारे जीवन चक्र को चलाने वाले होते हैं, लेकिन हम पर्वों के महत्व को समझ नहीं पा रहे हैं। पर्वों को मनाना तभी सार्थक होगा जब हम इनके महत्व को समझकर अपने जीवन में उतार पाएं। रक्षा बंधन पर्व प्राणी मात्र की रक्षा का पर्व है, वात्सल्य व स्नेह का पर्व है। अलग-अलग धर्म में रक्षाबंधन पर्व का अलग-अलग महत्व है।

## वृक्षों को बांधे रक्षा सूत्र

**बेधड़क. जयपुर।** रक्षाबंधन पर सामाजिक कार्यकर्ता उमा व्यास के नेतृत्व में श्रीकल्पतरु संस्थान की ओर से वॉलिंटियर्स ने 'वृक्षाबंधन' कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया और वृक्षों पर रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि प्रकृति संरक्षण व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। सभी को मानसून में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। आईजी रेंज रवि दत्त गौड़ के निर्देशानुसार खाकी वॉरियर्स अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत बड़ी मात्रा में पुलिस परिसरों में पौधे लगाए जा रहे हैं।

## निर्वाणोत्सव का चढ़ाया लड्डू



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में सोमवार को भगवान के चरणों में विश्व शांति की भावना के साथ तीर्थंकर श्रेयांश नाथ के मोक्ष कल्याण पर निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। साथ ही जिन धर्म रक्षा के संकल्प के साथ रक्षा सूत्र बांधे गए। प्रबंध समिति के अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि जैन धर्म के 11वें तीर्थंकर श्रेयांश नाथ के मोक्ष कल्याण के अवसर पर अभिषेक शांतिधारा व पूजन के बाद न्याय दिवस के रूप में उत्सव मनाते हुए भक्तजनों की ओर से निर्वाण कांड का वाचन कर अर्घ्य बोलते हुए जयकारों के साथ निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। इसके बाद जिनधर्म की रक्षा व वात्सल्य के पर्व रक्षा बंधन पर मंदिर में रखे रक्षा सूत्र को श्रीजी के समक्ष बांधकर जिन धर्म व श्रमण की रक्षा का संकल्प लेते हुए आपसी वात्सल्य भावना के साथ आपस में जय जिनेंद्र करते हुए रक्षा बंधन पर्व मनाया।

## City इवेंट्स

### चार पीढ़ियों ने एक साथ मनाई राखी



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स ने अपने-अपने अंदाज में राखी पर्व मनाया, लेकिन एक नजारा ऐसा भी था, जिसमें चार पीढ़ियों ने एक साथ पर्व की खुशियां मनाते हुए एकता का संदेश भी दिया। मुन्ना देवी वैद के नेतृत्व में चार पीढ़ियां एक मंच पर आईं। इस मौके पर सबसे बड़ी 80 वर्षीय मुन्ना देवी व पड़ दोहिते 3 वर्ष 10 माह के देवांश बाकलीवाल सहित ढाई वर्ष की सौम्या छाबड़ा, 8 माह की चहल छाबड़ा सहित 40 लोगों ने एक साथ रक्षा बंधन पर राखी बांधी व बंधवाई।

### अनुष्का का कैंप के लिए चयन

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर की अनुष्का कौशिक युवा प्रतिनिधि के रूप में रोटरी यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत बेल्जियम में प्रोग्राम में हिस्सा लेंगी। रोटरेक्ट क्लब ऑफ जयपुर पर्ल की सदस्य अनुष्का अंतरराष्ट्रीय संस्कृति और संवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कैंप का हिस्सा हैं। अनुष्का को रोटरी क्लब जयपुर रॉयल की ओर से स्पांसर किया गया। अनुष्का को यात्रा के लिए रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3056 डॉ. राखी गुप्ता, चीफ मेंटर व डिस्ट्रिक्ट लर्निंग फेसीलिटेटर डॉ. अशोक गुप्ता व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नॉमिनी रो. अरुण बगड़िया सहित अन्य सदस्यों ने मोटिवेट किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. राखी गुप्ता ने कहा कि अनुष्का का चयन न केवल उनके व्यक्तिगत विकास में सहायक होगा, बल्कि यूरोप की संस्कृतियों को जानने, समझने और मित्रता के बंधन मजबूत करने का अवसर मिलेगा।



### इच्छापूर्ण महादेव के झांकी सजाई



**बेधड़क. जयपुर।** रामनगर सोडाला के कटारिया पूरी स्थित इच्छापूर्ण महादेव मंदिर में बाबा भोलेनाथ का पंचामृत के साथ जल अभिषेक कर भव्य श्रृंगार किया गया। महाआरती के बाद बाबा को भोग लगाकर अच्छी वर्षा और सभी के स्वस्थ रहने की कामना की गई। मंदिर में भोलेनाथ के दर्शनों के लिए दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भगवान के श्रृंगार में हनुमान सैनी, बृजेश सैनी, देबू कटारिया, हिमांशु कटारिया, श्याम सैनी ने सेवाएं दी।

**कॉन्फ्रेंस में देश-दुनिया के** विशेषज्ञों ने रखे विचार

## एडवांस टेक्नीक सीखकर करेंगे मस्कुलो स्केलेटल का इलाज



**बेधड़क** | जयपुर

स्पोर्ट्स इंजरी, ज्वाइंट पेन, नर्व पेन जैसी मस्कुलो स्केलेटल समस्याओं के निदान के लिए बिना सर्जरी एडवांस टेक्नोलॉजी व विकल्पों पर प्रकाश डालने और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मस्कुलो स्केलेटल सोसायटी कॉन्फ्रेंस में रेडियोलॉजिस्ट्स को मस्कुलो स्केलेटल ट्रीटमेंट की एडवांस ट्रेनिंग दी गई। विभिन्न मेडिकल केसेज पर मस्कुलोस्केलेटल इंटरवेंशन प्रोसिजर को लेकर एक्सपर्ट्स ने प्रेजेंटेशन दी। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. गौरव कांत शर्मा ने प्रेजेंटेशन में नर्व इंटरवेंशन पर प्रकाश डाला। उन्होंने डॉक्टर्स को इंटरवेंशन के लिए टिप्स दिए। इसमें इंटरवेंशन से पहले डाइग्नोसिस को लेकर शत प्रतिशत आश्वस्त हो, इंटरवेंशन टारगेट की एनाटॉमी का ध्यान रखें, शॉर्ट एक्सिस और लॉन्ग एक्सिस हाईड्रोडिससेक्शन करने चाहिए, क्योंकि कई सिटिंग में काम होता है आदि शामिल थे। साथ ही इंटरवेंशन से पूर्व फिजिशीयन से डिसक्सस अवश्य करें। डॉ. गौरव कांत शर्मा ने बताया, कि भारत में पहली बार इस लेवल की कॉन्फ्रेंस जयपुर में हुई है। डॉक्टर्स ने यहां जो कुछ सीखा है उसके जरिए वे करोड़ों मरीजों का इलाज करेंगे। जल्द आउटरीच प्रोग्राम शुरू करेंगे। 13वीं कॉन्फ्रेंस का आयोजन कोयंबटूर में किया जाएगा। इस बार जयपुर में 21 देशों के 750 डॉक्टर्स ने वर्कशॉप आदि में पार्टिसिपेट किया।

**बलराम पूर्णिमा पर मनाया प्राकट्य उत्सव**

## श्री श्री कृष्ण बलराम का पंचामृत से भरे 108 कलशों से अभिषेक



**बेधड़क** | जयपुर

बलराम पूर्णिमा पर श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में भगवान कृष्ण के बड़े भाई भगवान श्री बलराम का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस उत्सव में बड़ी संख्या में भक्तों ने उपस्थित होकर कृष्ण बलराम के नयनाभिराम दर्शन किए और आशीर्वाद लिया।

श्रीबलराम के प्राकट्य उत्सव पर दिन भर मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। इस दौरान भक्तों ने भाव-विभोर होकर नृत्य किया। साथ ही दिन भर मंदिर में हरे कृष्ण महामंत्र का जाप किया गया। भगवान बलराम के प्राकट्य उत्सव पर श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में भगवान के दिव्य दर्शनों के लिए सुबह से ही भक्तों की लम्बी कतारें लगी।

संध्या के समय नव निर्माणाधीन हरे कृष्ण मंदिर के सुधर्मा हाल में श्री श्री कृष्ण बलराम का पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद, मीठे जल), पंचगव्य और विविध प्रकार के फलों के रस, औषधियों से मिश्रित जल से भरे 108 कलशों और नारियल पानी से महाभिषेक हुआ। शाम को महाआरती प्रमुख आकर्षण रही। मंदिर अध्यक्ष अमितासना दास ने बताया कि बलराम हमे कृष्ण भक्ति में अग्रसर होने के लिए आध्यात्मिक बल देते हैं।

उनके आशीर्वाद के बिना हम कृष्ण भक्ति प्राप्त नहीं कर सकते। साथ ही वे हमे अपनी वैदिक संस्कृति से जोड़ते हैं।

**श्रावण शुक्ला पूर्णिमा** | श्रेयांसनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया, निर्वाण लाडू चढ़ाया

# रक्षा बंधन पर लिया साधु-संतों की रक्षा का संकल्प

**बेधड़क** | जयपुर

जैन धर्मावलंबियों द्वारा श्रावण शुक्ला पूर्णिमा सोमवार को रक्षाबंधन के पर्व को धर्म व साधु-संतों की रक्षा के संकल्प दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर जैन धर्म के 11वें तीर्थंकर भगवान श्रेयांसनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया जाकर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। साथ ही दिगम्बर जैन धर्म के संत श्रीविष्णु कुमार महामुनि द्वारा हस्तिनापुर में 700 जैन मुनियों के उपसर्ग को दूर कर मुनियों की रक्षा करने के उपलक्ष्य में महामुनि विष्णु कुमार की विशेष पूजा-अर्चना की गई।



### जैन श्रावकों ने पिच्छिका के बांधा रक्षा सूत्र

गौरतलब है श्रावण शुक्ला पूर्णिमा के दिन राजा बलि द्वारा हस्तिनापुर में 700 साधु-संतों पर अत्याचार किए गए थे। इस अत्याचार व उपसर्ग को महामुनि विष्णु कुमार ने ब्राह्मण का रुप धरकर दूर किया था। उन्होंने साधु-संतों को आहार कराकर स्वयं ने आहार किया था। इसलिए इस दिन को जैन धर्मावलंबी रक्षाबंधन के पर्व को प्रति वर्ष साधु-संतों की रक्षा के संकल्प दिवस के रूप में मनाते हैं। इस मौके पर दिगम्बर जैन संतों के चातुर्मास स्थलों पर व शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में महामुनि विष्णु कुमार की अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की गई। जैन श्रावकों ने आचार्यों, मुनिराजों, आर्यिका माताजी की पिच्छिका के रक्षा सूत्र बांधा।

**प्रवचनों में धर्म रक्षा पर रहा जोर**

साधु संतों के विशेष प्रवचन हुए, जिसमें धर्म रक्षा पर जोर दिया गया। दिल्ली रोड पर जयसिंहपुरा खोर के दिगम्बर जैन मंदिर में मूलनायक भगवान श्रेयांसनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया गया। मानसरोवर के वरुण पथ मंदिर में आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ, प्रताप नगर में उपाध्याय उर्जयन्त सागर महाराज, अग्रवाल फार्म स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर थड़ी मार्केट में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन हुए।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, मंगलवार, 20 अगस्त, 2024




असहमत होते हुए भी सहमति के रास्ते खोजना सुखी रहने का श्रेष्ठ तरीका है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### गाजा में युद्धविराम पर संशय बरकरार, इजराइल ने फिर की एयर स्ट्राइक

# एंटनी ब्लिंकन के दौरे से पहले हमले में 29 की मौत



**एजेंसी** | यरूशलम

इजराइल ने एक बार फिर से गाजा पर जबरदस्त हवाई हमले किए। इन शनिवार रात और रविवार सुबह हुए हवाई हमलों में 29 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला और उसकी छह संतान भी शामिल हैं। इस बीच, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन गाजा में संघर्ष विराम समझौते को अंतिम रूप देने के लिए वहां पहुंच रहे हैं। बता दें कि कई महीनों की बातचीत के बाद संघर्ष विराम समझौते को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उधर, मिस्र और कतर का कहना है कि संघर्ष विराम को लेकर दोहा में दो दिनों तक बातचीत की गई।

आगे बताया गया है कि बातचीत से सभी देश एक समझौते के करीब पहुंच रहे हैं। उधर, हमास ने इजराइल की मांगों के विरोध का संकेत दिया है। बता दें कि संघर्ष विराम समझौते को लेकर बातचीत कई बार बाधित हो चुकी हैं। संघर्ष विराम समझौते के अनुसार हमास को उन सभी लोगों को मुक्त करना होगा, जिन्हें बीते वर्ष सात अक्टूबर को हुए हमले के बाद बंधक बनाया गया था। इस हमले के बाद इजराइल और फिलिस्तीन के बीच जंग छिड़ गई थी। उधर समझौते के अनुसार इजराइल को गाजा से अपनी सेना को वापस बुलाना होगा। इसके अलावा इजराइल को फिलिस्तीनी बंधकों को भी मुक्त करना होगा।

## मध्यस्थ देश चाहते हैं युद्ध समाप्त हो

गाजा में संघर्ष विराम की कोशिश कर रहे मध्यस्थ देशों का कहना है कि ऐसे युद्ध को समाप्त करना जरूरी है, जिसमें स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार 40,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि अब तक 23 लाख से अधिक लोगों को विस्थापित किया जा चुका है। इस वजह से क्षेत्र में मानवता का संकट पैदा हो चुका है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि क्षेत्र में अकाल और पोलियो जैसी बीमारियां फैल सकतीं हैं। बताया गया है कि रविवार गाजा में इजराइल के हमले में जो छह बच्चे मारे गए, उनमें से चार बच्चों ने एक साथ जन्म लिया था। अल-अक्सा शहीद अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि हमले में महिला और इसके छह बच्चे मारे गए हैं। इसके अलावा मध्य गाजा में हुए एक और हमले में नौ लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा शनिवार को खान यूनुस क्षेत्र में एक हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गई। उधर, लेबनान के दक्षिण में स्थित यारिन के पास एक विस्फोट में संयुक्त राष्ट्र संघ के तीन शांतिदूत सैनिक घायल हुए हैं। यूएन ने इस शांति सुरक्षा मिशन को यूएआईएफआईएल नाम दिया है। यूएन का कहना है कि विस्फोट की इस घटना की जांच की जा रही है।



## सीजफायर के संकेत

इस जंग में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे इजिप्ट और कतर ने कहा है कि दो दिनों तक दोहा में चली बातचीत के बाद सीजफायर हो सकता है। इजरायली अधिकारियों की ओर से भी पॉजिटिव संकेत मिले हैं, जिससे आने वाले दिनों में तनाव कम होने की उम्मीद है, पर इस शांति वार्ता के दरम्यान हमास ने इजराइली पीएम नेतन्याहू पर आरोप लगाया कि वो फिर से सीजफायर के लिए नई शर्तें रख रहे हैं। साथ ही, वो गाजा से पूरी की पूरी इजराइली फोर्स को बाहर निकालने के लिए सहमत नहीं हैं। उधर, ईरान और इरायल के बीच भी तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में शांति वार्ता अमेरिका की प्राथमिकता सूची में है।

## वार्ता के 3 चरण

सीजफायर के तहत तीन चरणों के एक प्रॉसेस का खाका तैयार किया गया है। इसके तहत सबसे पहले हमास उन सभी बंधकों को रिहा करेगा, जिन्हें उसने 7 अक्टूबर के हमले में अगवा किया था। इसके बाद इजरायल गाजा पट्टी से अपनी सेना को वापस बुलाने के साथ-साथ फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इसके बाद पूरी तरह से सीजफायर होगा। इस जंग के शुरू के होने के बाद से अब तक 40 हज़ार से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। 23 लाख से अधिक लोग बेघर हो चुके हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक गाजा पट्टी में भुखमरी और पोलियो जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। मीडिया में एक रिपोर्ट के हवाले से बताया कि जंग में बेघर हो चुके लोग एक ऐसा जीवन जीने को मजबूर हैं। जहां बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। डेर-अल-बलाह के रहने वाले एक फिलिस्तीनी सना अकेला बताते हैं, "हम ऐसा जीवन जी रहे हैं जैसे प्राचीन युग में आ गए हों।"


### रूस में घुसी यूक्रेनी सेना ने एक और पुल किया नष्ट

# सेना की सप्लाई लाइन काटी

**एजेंसी** | कीव

दूसरे विश्व युद्ध के बाद यह पहला मौका है, जब विदेशी सैनिक रूस की जमीन पर पहुंच गए हैं। करीब दो सप्ताह से यूक्रेन की सेना रूस के कुर्स्क इलाके में मौजूद है। यूक्रेन ने दावा किया है कि उसने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में रणनीतिक लिहाज से अहम एक और पुल को नष्ट कर दिया है। यूक्रेन की सेना ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में कुछ दिन पहले की घुसपैठ की थी।

यूक्रेनी सेना ने रविवार को पुल पर हमले का वीडियो भी जारी किया है। बताया कि यह हमला ज्वानोए में सेयम नदी के ऊपर किया गया था। यूक्रेन के वायु सेना कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा वीडियो भी जारी किया। इसका रणनीतिक महत्व है। इसके टूटने के बाद अब रूस की सप्लाई लाइन पर काफी असर पड़ेगा। ये पुल यूक्रेन की सीमा से 15 किमी दूर है। रूसी मीडिया के मुताबिक कुर्स्क में 3 पुल थे। अब एक ही पुल सलामत बचा है।



## बेलारूस सीमा पर 1 लाख से ज्यादा सैनिक

यूक्रेन ने बेलारूस की सीमा पर भी हजारों सैनिक तैनात कर रखे हैं। ये दावा बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने किया। उन्होंने रविवार को एक इंटरव्यू में कहा कि यूक्रेन ने जुलाई की शुरुआत में बेलारूस की सीमा पर 1 लाख 20 हजार सैनिक तैनात किए थे। उन्होंने बाद में इसमें और इजाफा किया। लुकाशेंको ने कहा कि इसके जवाब में बेलारूस की एक तिहाई सेना यूक्रेन से लगे बॉर्डर पर तैनात कर दी गई है।

## जेलेंस्की ने जारी किया संदेश

जेलेंस्की ने रविवार को संदेश जारी कर यूक्रेनी सैनिकों को उनकी बहादुरी के लिए धन्यवाद कहा। जेलेंस्की ने रविवार को संदेश जारी कर यूक्रेनी सैनिकों को उनकी बहादुरी के लिए धन्यवाद कहा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि वे कुर्स्क इलाके पर हमला कर रहे हैं, ताकि इसे बफर जोन बना सकें। बफर जोन में दो देशों के बीच में खाली जगह होती है। इस जगह पर किसी का कब्जा नहीं होता।

### क्रूरता की हदें पार!

# दुष्कर्म के विरोध पर 85 को मार डाला

**एजेंसी** | लंदन

अफ्रीकी देश सूडान का एक गांव ऐसे खूनी संघर्ष का गवाह बना है, जिसे सुन रूह कांप जाए। सूडान पैरामिलिट्री ग्रुप के लड़ाकों ने एक गांव में पहले तो लूटपाट की और फिर उसे आग के हवाले कर दिया।

इस हमले में 85 लोगों की मौत हो गई है। 'रैपिड सपोर्ट फोर्स' के लड़ाकों ने कुछ दिन पहले सेन्नार प्रांत के इस गांव में लड़ाकों ने घुसकर महिलाओं और बच्चों के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की, जब स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया तो निहत्थे गांववालों पर गोलियां बरसा दी और गांव में आग लगा दी। इस हमले में 150 से ज्यादा गांववाले घायल हुए और 85 की मौत हो गई।



## पहले भागे लड़ाके... लौटकर किया हमला

गांव में मचे कत्लेआम के गवाह बने तीन लोगों ने बताया कि आरएसएफ के लड़ाकों ने तीन घंटे तक हमला किया। घरों-दुकानों और सरकारी दफ्तरों को लूटा और जलाया गयाप् स्थानीय मेडिकल सेंटर पर काम करने वाले एक हेल्थकेयर वर्कर ने बताया कि पहले कम संख्या में लड़ाके आए थे, लेकिन फिर जब लोगों ने विरोध किया तो वे लौट गए कुछ घंटों बाद सैकड़ों की संख्या में आरएसएफ लड़ाके दर्जनों पिकअप ट्रक पर सवार होकर गांव में घुस गए और लोगों की हत्या की।

## एक करोड़ से ज्यादा विस्थापित

सूडान में चल रहे संघर्ष में अब तक हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। देश में भुखमरी के हालात भी पैदा हो गए हैं। पैरामिलिट्री फोर्स और सेना के संघर्ष के दौरान महिलाओं से बड़ी संख्या में रेप किए गए हैं और कुछ खास जनजातीय लोगों को मिटाने की कोशिश हुई है। सूडान में संघर्ष के चलते एक करोड़ से ज्यादा लोगों को अपने घरों को छोड़कर भागना पड़ा है। सिर्फ इतना ही नहीं, बल्कि 20 लाख से ज्यादा लोगों ने जान बचाने के लिए पड़ोसी मुल्कों में शरण ली हुई है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl